# अर्पण

## राष्ट्रीय सेवा योजना









### छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय)


PSIT







# अर्पण

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### स्मारिका समिति

प्रो. के. एन. मिश्र

डा. प्रवीन कटियार
डॉ. श्याम मिश्र

डॉ. नीरज कुमार
डॉ. मानस उपाध्याय

डॉ. संगीता सिरोही
डॉ. पुष्पा ममोरिया

डॉ. रचना त्रिवेदी

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना गीत

होंगे कामयाब, होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब, एक दिन
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।।

हम चलेंगे साथ–साथ, होंगे हाथों में हाथ,
हम चलेंगे साथ–साथ, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।।

होगी शान्ति चारों ओर, होगी शान्ति चारों ओर
ओ, होगी शान्ति चारों ओर, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।।

सत् से होंगे आजाद, सत् से होंगे आजाद,
सत् से होंगे आजाद, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।।

हमें डर नहीं है आज, हमें डर नहीं है आज,
हमें डर नहीं है आज के दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।।

# अनुक्रमणिका


| विषय | पेज नम्बर |
|---|---|
| संदेश | 01 |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना | 02—07 |
| • सामान्य परिचय | 02 |
| • लक्ष्य एवं उद्देश्य | 02 |
| • सिद्धांत वाक्य, प्रतीक चिन्ह, बैज | 03 |
| • स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के क्रिया कलाप | 04 |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिये जाने वाले प्रमुख पुरस्कार | 05 |
| • प्रमुख दिवस | 06 |
| • स्वच्छता, मतदाता एवं जल संरक्षण शपथ | 07 |
| • कार्यक्रम अधिकारियों का अध्ययन शिविर, गुजरात | 08—17 |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की चित्रावली एवं समाचार पत्रों में छायांकन का विवरण | 18—19 |
| • विश्वविद्यालय एन.एस.एस. द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ | 20 |
| • विश्वविद्यालय परिसर की पाँचों ईकाइयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम | 21—27 |
| • विशेष शिविर कार्यक्रम इकाई 2 विश्वविद्यालय परिसर के कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ | 28 |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के छायाचित्र एवं समाचार पत्रों का छायांकन विवरण | 29—69 |
| • चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज हैंबरा इटावा | 34 |
| • विद्या मंदिर महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रुखाबाद | 37 |
| • मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय | 39 |
| • मुलायम सिंह महाविद्यालय, सकरापुर, यशोदानगर, कानपुर | 40 |
| • डी.एस.एन.कालेज, उन्नाव | 42 |
| • राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा | 44 |
| • नेहरु कालेज छिबरामऊ, कन्नौज | 45 |
| • चौ0 सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी, जसवन्तनगर ;इटावाद्ध | 47 |
| • विवेकानन्द ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर औरैया | 49 |
| • के. के. कॉलेज, इटावा | 50 |
| • ब्रह्मानंद कालेज, कानपुर | 51 |
| • अर्मापुर पी.जी. कालेज, कानपुर | 53 |
| • भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद | 54 |
| • डी. एन. कालेज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद | 55 |
| • पी.पी.एन. कालेज, कानपुर | 56 |
| • ब्रह्मावर्त डिग्री कालेज, मन्धना, कानपुर | 57 |
| • क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर | 58 |
| • कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय, कानपुर | 59 |
| • डा. वीरेन्द्र स्वरूप इन्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कानपुर | 60 |
| • अकबरपुर डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात | 61 |
| • अविका डिग्री कॉलेज, कन्नौज | 62 |
| • चुन्नीदेवी राजनारायन मेमोरियल महाविद्यालय, फर्रुखाबाद | 63 |
| • राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज | 64 |
| • महिला महाविद्यालय, किदवई नगर, कानपुर | 65 |
| • डी.बी.एस. कालेज, कानपुर नगर | 66 |
| • जनता कालेज, बकेवर, इटावा | 67 |
| • राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज | 68 |
| • राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, शिवराजपुर, कानपुर नगर | 69 |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सम्पर्क सूत्र | 70 |

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयाँ

1. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – प्रथम इकाई
2. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर –द्वितीय इकाई
3. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – तृतीय इकाई
4. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – वतुर्थ इकाई
5. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – पंचम इकाई
6. पी0पी0एन0 कॉलेज, कानपुर नगर
7. विद्या मंदिर महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रूखाबाद
8. जनता महाविद्यालय, बकेवर, इटावा
9. ब्रह्मानंद पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
10. भारतीय महाविद्यालय, फर्रूखाबाद
11. चौ0 चरण सिंह, पी0जी0 कॉलेज, इटावा
12. कानपुर विद्या मंदिर पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
13. डी0जी0 पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
14. पटेल डिग्री कॉलेज, कानपुर नगर
15. अविका डिग्री कॉलेज, कन्नौज
16. अंगद सिंह दिलीप सिंह, महाविद्यालय, कानपुर नगर
17. लल्लू सिंह महिला महाविद्यालय, अकबरपुर
18. पी0एल0 यादव महाविद्यालय, कानपुर देहात
19. स्नेहलता गुप्ता डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
20. राम कुमार भारती ज्ञान देवी महाविद्यालय, औरैया
21. एम0ए0के0 आजाद फैज–ए–आम महाविद्यालय, कानपुर नगर
22. मुलायम सिंह महाविद्यालय, कानपुर नगर
23. ग्लोबल शिक्षा संस्थान, छिबरामउ, कन्नौज
24. ए0एन0डी0 कॉलेज, कानपुर– प्रथम इकाई
25. ए0एन0डी0 कॉलेज, कानपुर– द्वितीय इकाई
26. डी0ए0वी0 कॉलेज, कानपुर नगर
27. नजीरी महाविद्यालय, मूसानगर, कानपुर देहात
28. हलीम मुस्लिम पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
29. पी0एस0आई0टी0 हायर एजूकेशन, कानपुर
30. महिला महाविद्यालय, कानपुर नगर
31. डी0बी0एस0 कॉलेज, कानपुर नगर
32. नेहरू पी0जी0 कॉलेज, छिबरामऊ, कन्नौज
33. दयानंद शुभाष नेशनल पी0जी0 कॉलेज, उन्नाव
34. तिलक महाविद्यालय, औरैया
35. एस0एन0सेन कॉलेज कानपुर नगर
36. जनता कॉलेज, अजीतमल, औरैया
37. वी0जी0एम0 डिग्री कॉलेज, दिबियापुर, औरैया
38. क्राइस्ट चर्च पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
39. राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
40. अरमापुर पी0जी0 कालेज, कानपुर नगर
41. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, कानपुर
42. बाबू जयशंकर गया प्रसाद पी0जी0 महाविद्यालय उन्नाव
43. अकबरपुर डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
44. ब्रह्मवर्त डिग्री कॉलेज, मंधना, कानपुर नगर
45. चुन्नी देवी राज नारायण मेमोरियल महाविद्यालय फर्रूखाबाद
46. श्री तिरुपति बालाजी महाविद्यालय, इटावा
47. बाबू राम पाल सिंह महाविद्यालय, मौरांवा, उन्नाव
48. पी0आर0 राजकीय महिला महाविद्यालय, इटावा
49. राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी, शिवराजपुर कानपुर नगर
50. राजकीय डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
51. इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय, बांगरमऊ, उन्नाव
52. राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज
53. मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय, निनौआ
54. सुमन रानी इंजीनियरिंग ऑफ प्रौद्योगिकी, औरैया
55. डा0 वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज कानपुर नगर
58. कर्मक्षेत्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा
59. चौ0 सुघर सिंह डिग्री कालेज, इटावा
60. लक्ष्मी यदुनन्दन महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रुखाबाद
61. डी. एन. पी. जी. कालेज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर - 208024
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur- 208024

**प्रो. विनय कुमार पाठक**
**कुलपति**
**Prof. Vinay Kumar Pathak**
Vice Chancellor

**कार्यालय**/Office : +91-512-2581280
**फैक्स**/Fax : +91-512-2581280
**ई-मेल**/Fax : +91-512-2581280
**वेबसाईट**/Website : www.csjmu.ac.in



# संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय) द्वारा सत्र 2023 हेतु स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना, युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण की दिशा में हमेशा से ही अग्रसर रही है। पत्रिका निश्चित तौर पर छात्र/छात्राओं की रचनात्मक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित करेगी।

**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सामान्य परिचय

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राष्ट्रीय पुनर्निर्माण हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कमजोरियों को दूर करने एवं उसमें गुणात्मक परिवर्तन लाने तथा छात्रों को पूर्णतः राष्ट्र सेवा में लगाने के निमित्त कई आयोग गठित हुए, जिन्होंने शिक्षा को रचनात्मक आयाम देने के लिए अपनी–अपनी संस्तुतियां दीं। विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ0 राधाकृष्णन ने सुझाव दिया कि शैक्षिक संस्थाओं में छात्र राष्ट्रीय सेवा को स्वैच्छिक रूप से शुरू करें, जिससे विद्यालय परिसर और समाज एक सृजनात्मक सूत्र से जुड़ सकें। 1950 में उच्च शिक्षा हेतु गठित केन्द्रीय सलाहकार समिति ने सिफारिश की कि छात्रों को स्वेच्छा से शारीरिक श्रम में लगना चाहिए एवं शिक्षकों को उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। 1958 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू ने समाज सेवा के कार्य को स्नातक पूर्व की आवश्यकता बताया। 1959 में डॉ0 देशमुख की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय सेवा समिति ने सिफारिश की कि महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रों को राष्ट्रीय सेवा करना अनिवार्य कर दिया जाय। भारत सरकार के अनुरोध पर 1960 में प्रो0 के0 जी0 सैयद्दीन ने विश्व के कई देशों का दौरा करके ''युवाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा'' नामक आख्या प्रस्तुत की। 1964 से 1966 के बीच में डॉ0 दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में गठित शिक्षा समिति ने सभी स्तरों के छात्रों को समाज सेवा से जोड़ने की सिफारिश की। राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक अप्रैल, 1967 में एन. सी. सी. के विकल्प के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना को संचालित करने का सुझाव दिया। सितम्बर, 1967 में इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों की एक गोष्ठी हुई, जिसमें एक समिति के गठन का प्रस्ताव पारित हुआ, साथ ही साथ भारत सरकार के नीति में राष्ट्रीय सेवा को शिक्षा का मौलिक आधार माना गया।

स्वतंत्रता के बाद से ही इस दिशा में किये गये प्रयासों एवं सुझावों को मूर्तरूप देते हुए 24 सितंबर, 1969, को भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री बी0 के0 आर0 बी0 राव ने राष्ट्रीय सेवा योजना को 37 विश्वविद्यालयों में एक पायलट परियोजना के रूप में क्रियान्वित कराया एवं उस वर्ष यह योजना 40,000 स्वयंसेवाकों के साथ प्रारम्भ हुयी। वर्तमान में यह योजना भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ध्वजवाहक योजना के रूप में देश के 32,00,000 युवाओं का विशालतम संगठन है, जिसमें राज्यों की सक्रिय सहभागिता है। वर्तमान वर्ष 2022–23 में इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 44 विश्वविद्यालयों एवं 11 मण्डलों में लगभग 3,21,000 छात्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में कार्य कर रहे हैं।

## लक्ष्य एवं उद्देश्य

लक्ष्य : सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।

उद्देश्य :

1. जिस समुदाय में स्वयंसेवक कार्य करते हैं उस समुदाय को समझना।
2. अपने समुदाय के परिप्रेक्ष्य में स्वयं को समझना।
3. समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान की प्रक्रिया में सम्मिलित होना।
4. स्वयंसेवकों में सामाजिक व नागरिक दायित्व–बोध विकसित करना।
5. व्यक्तिगत तथा सामुदायिक समस्याओं के निदान में अपने व्यावहारिक ज्ञान का उपयोग करना।
6. सामूहिक जीवन और जिम्मेदारी में सहभाग की योग्यता विकसित करना।
7. सामूहिक भागीदारी को सक्रिय करने की कुशलता प्राप्त करना।
8. नेतृत्व क्षमता व लोकतांत्रिक प्रवृत्ति अर्जित करना।
9. आपातकाल व प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए क्षमता विकसित करना।
10. राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सौहार्द्र का अभ्यास करना।

# ध्येय वाक्य, प्रतीक चिन्ह एवं बैज

'NOT ME BUT YOU'

## 'मुझे नहीं आपके लिये'

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य यह बताता है कि हम दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनें तथा दूसरों को सम्मान व श्रेय देने वाले बनें। यह प्रजातांत्रिक ढंग से रहने के साथ–साथ निःस्वार्थ की आवश्यकता पर बल देता है। यह प्रदर्शित करता है कि व्यक्ति का कल्याण सम्पूर्ण समाज के कल्याण पर ही निर्भर है

## राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह एवं बैज

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मन्दिर के रथ चक्र पर आधारित है जो निरन्तरता और परिवर्तन का द्योतक है। यह चिन्ह राष्ट्रीय सेवा योजना के बैज पर उत्कीर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज की सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उसे लगाते हैं। कोणार्क के सूर्य मन्दिर के रथ में 24 पहिये हैं जो सम्पूर्ण दिन के 24 घण्टों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक पहिये में 8 तीलियां हैं जो 8 पहर दर्शाती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का बैज, धारण करने वाले को यह याद दिलाता है कि वह राष्ट्र सेवा के लिए दिन–रात अर्थात 24 घण्टे (आठों पहर) तत्पर रहे। बैज में जो लाल रंग है वह इस बात का संकेत करता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में पूरा उत्साह है और वे जीवन्त है, सक्रिय है और उनके स्फूर्ति है। गहरा नीला रंग उस ब्रह्माण्ड की ओर संकेत करता है जिसका राष्ट्रीय सेवा योजना एक छोटा सा अंश है और जो मानव मात्र का कल्याण करने के लिए अपना अंशदान करने को तैयार है। बैज का सफेद रंग शान्ति का प्रतीक है, जो धारण करने वाले को बिना विवाद के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।

# स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के क्रिया कलाप

**शिक्षा एवं मनोरंजन के क्षेत्र में जैसे :**

काम चलाऊ अक्षर का ज्ञान कराना, स्कूल छोड़ देने वालों को शिक्षित करना, सांस्कृतिक गतिविधियां, युवा क्लबों का गठन, ग्रामीण व देशी खेल का आयोजन, सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर चर्चा, जागरुकता के कार्यक्रम।

**आपातकाल के लिए कार्यक्रम : (तूफान, बाढ़, भूकम्प, सूखा आदि)**

आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अधिकारियों को मदद पहुँचाना, स्वास्थ्य अधिकारियों को रोगों की रोकथाम के उपाय करने, टीके लगाने, दवाइयां देने और अन्य सम्बद्ध गतिविधियों में सहायता करना, स्थानीय अधिकारियों को राहत पहुँचाने व बचाने के कार्य में सहायता करना, पुनर्निमाण के कार्य में स्थानीय लोगों की सहायता करना, दान प्राप्त करना व कपड़े एकत्र करना तथा उन्हें प्रभावित लोगों में बांटना।

**पर्यावरण को समृद्ध बनाना तथा उसकी सुरक्षा :**

प्राचीन स्मारकों की सुरक्षा और उसकी मरम्मत, सांस्कृतिक विरासत, मन्दिरों की मरम्मत करने के प्रति लोगों को जागरुक बनाना।

स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषक कार्यक्रम, रोगों से बचाने के व्यापक कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रमों में सहयोग, रक्तदान शिविर, जनसंख्या शिक्षा व परिवार कल्याण, रोगियों की मदद, अनाथ और वृद्धों की मदद करना, चिकित्सा, समाज सर्वेक्षण कार्यक्रम।

**समाज सेवा के कार्यक्रम :**

महिलाओं के कल्याण संगठनों में काम करना, महिलाओं को बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि के कार्य में प्रशिक्षण देना, महिलाओं में यह चेतना लाना कि वे अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार कर सकती हैं, ग्रामों को अभिगृहीत करना, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करना, लोगों में ग्रामीण विकास के लिए बैंकों की भूमिका के प्रति जागरुकता पैदा करना।

**पर्यावरण को प्रदूषण रहित रखना :**

नदियों की सफाई, पानी का विश्लेषण।

स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर संचालित किये जाने वाले अन्य कार्यक्रम भी समय–समय पर कराए जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिये जाने वाले प्रमुख पुरस्कार

विश्वविद्यालय/कार्यक्रम अधिकारी/स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों की व्यवस्था की गयी है।

(क) **इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार :** प्रत्येक वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है –

1. **विश्वविद्यालय/मण्डल–** स्तर पर जिसमें किसी एक विश्वविद्यालय अथवा मण्डल को रु0 02 लाख नकद शील्ड एवं संबंधित कार्यक्रम समन्यवय को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

2. **कार्यक्रम अधिकारी स्तर –** इसमें पूरे देश से 10 कार्यक्रम अधिकारियों एवं उनकी इकाइयों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्यक्रम अधिकारी को रु0 20,000 मेडल व प्रमाण–पत्र तथा संबंधित इकाई को कार्यक्रमों के विकास के लिए रु0 70,000 एवं शील्ड प्रदान की जाती है।

3. **स्वयंसेवक स्तर –** कुल 30 स्वयंसेवकों को इस श्रेणी में चयनित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक को रु0 15,000 प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया जाता है।

(ख) **राष्ट्रीय युवा पुरस्कार –** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रा0से0यो0 तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ''राष्ट्रीय युवा पुरस्कार'' प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में राशि रु0 10,000.00 नकद तथा प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। (मेडल एवं शॉल)

(ग) **राज्य पुरस्कार –**

विभिन्न राज्यों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत श्रेष्ठ कार्यक्रम समन्वयकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

(घ) **दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार –**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं आवासीय परिसर हेतु तीन श्रेणियों के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं –

1. सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार (तीन)
2. सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी कर्मवीर पुरस्कार (तीन)
3. सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक/स्वयंसेविका पुरस्कार (चार)

# प्रमुख दिवस

अधोलिखित दिवसों पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां यथा, वृक्षारोपण, संगोष्ठी, रक्तदान, स्वास्थ्य जॉच, जागरुकता रैली, स्वच्छता अभियान, पोस्टर स्लोगन आदि का आयोजन किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वन महोत्सव सप्ताह | 1 जुलाई से 7 जुलाई तक |
| 2. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त |
| 3. | सद्भावना दिवस | 20 अगस्त |
| 4. | शिक्षक दिवस | 05 सितम्बर |
| 5. | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | 08 सितम्बर |
| 6. | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस | 24 सितम्बर |
| 7. | राष्ट्रीय रक्त दान दिवस | 01 अक्टूबर |
| 8. | गाँधी जयन्ती | 02 अक्टूबर |
| 9. | यातायात नियंत्रण दिवस | 24 अक्टूबर |
| 10. | राष्ट्रीय एकता दिवस | 31 अक्टूबर |
| 11. | बाल दिवस | 14 नवम्बर |
| 12. | राष्ट्रीय एकीकरण दिवस | 19 नवम्बर |
| 13. | कौमी एकता पखवाड़ा | 19 नवम्बर से 25 नवम्बर |
| 14. | विश्व एड्स दिवस | 1 दिसम्बर |
| 15. | मानवाधिकार दिवस | 10 दिसम्बर |
| 16. | सुशासन दिवस | 25 दिसम्बर |
| 17. | विवेकानन्द जयन्ती | 12 जनवरी |
| 18. | राष्ट्रीय युवा सप्ताह | 12 से 18 जनवरी |
| 19. | मतदाता दिवस | 25 जनवरी |
| 20. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी |
| 21. | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च |
| 22. | विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| 23. | विश्व योग दिवस | 21 जून |

# स्वच्छता, मतदाता एवं जल संरक्षण शपथ

## स्वच्छता शपथ

- मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा।
- हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा।
- मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूँगा।
- सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा।
- मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा।
- मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा।
- वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूँगा।
- मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय मतदाता शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## जल संरक्षण शपथ

मैं भारत का जागरुक नागरिक
निष्ठापूर्वक यह शपथ लेता हूँ
कि मैं आज से जल का दुरुपयोग नहीं करूँगा
न ही इसके लिये मैं अपने परिवार ईष्ट मित्रों
एवं अपने आस–पास के लोगों को संरक्षण के लिए
प्रेरित करँगा।

मान्नीया राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल की प्रेरणा एवं
माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के महत्वपूर्ण सहयोग से
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से
राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का अध्ययन शिविर
पर्यावरण स्वच्छता संस्थान, सुगढ़, गुजरात
दिनांक 26 से 28 सितंबर 2022



**Honesty with your Duty** **Relation के Relesson**

**I, Beacuse of we** **खुश मार्निंग, खुश रात्रि**

**Sense of Sharing, Caring & Sacrificing**

अध्ययन शिविर दिनांक 25 से 28 सितंबर 2022 छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी (कुल–15) अध्ययन शिविर हेतु पर्यावरण शिक्षा संस्थान,सुगढ, गुजरात में दिनांक 25 सितंबर 2022 को पहुंचे। रात्रि में अन्नपूर्णा में भोजन कर तथा स्वयं पात्रों को धूल कर सेवा की एक नयी भावना जागृत कर सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उनका स्मरण किया। सभी व्यक्तियों ने रात्रि में पूरे परिसर का भ्रमण किया तथा परिसर भ्रमण के दौरान विभिन्न बातों को जाना।

## Study Camp
## Environmental Sanitation Institute
### Ahmedabad-Sabarmati- Gandhi Nagar Highway
### Date 26 to 28 September 2022
### Departure from Kanpur– 25 September 2022
### Departure from Environmental Sanitation Institute – 28 September 2022

## List of Participants

| S. N. | Name of the Participant | University Campus / College Name | District |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. K. N. Mishra | Armapore PG College, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 2. | Dr. Sandhya Sharma | A.N.D. College, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 3. | Dr. Pramod Kumar | B.N.D. College, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 4. | Dr. Chandra Saurabh | D.A.V. College, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 5. | Dr. A. C. Pandey | Akbarpur Degree College, Kanpur Dehat | Kanpur Dehat |
| 6. | Dr. Ashish Kumar Gupta | Nehru PG College, Chibramau | Kannauj |
| 7. | Dr. Neeraj Kumar | Ch. Charan Singh PG College, Haibra | Etawah |
| 8. | Dr. Dharmendra Kumar Dwivedi | Indira Gandhi Rajkiya Mahavidyalaya, Bangarmau, Unnao | Unnao |
| 9. | Dr. Shyam Mishra | Vidya Mandi Degree College, Kaimganj Farrukhabad, | Farrukhabad |
| 10. | Dr. R. K. Dwivedi | CSJMU, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 11. | Dr. Pankaj Dwivedi | CSJMU, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 12. | Dr. Praveen Katiyar | CSJMU, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 13. | Dr. Manas Upadhyay | CSJMU, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 14. | Dr. Pushpa Mamoria | CSJMU, Kanpur | Kanpur Nagar |
| 15. | Dr. Sneh Pandey | CSJMU, Kanpur | Kanpur Nagar |

### अध्ययन शिविर
### प्रथम दिन,26 सितम्बर 2022

26 सितंबर 2022 को प्रातः जलपान के पश्चात पीसपोल के संबंध में श्री **जयेश भाई पटेल** ने जानकारी दी तथा सभी ने मौन रहकर पर्यावरण स्वच्छता संस्थान के परिसर में एक पदयात्रा की। उसके पश्चात मैत्री हाल में विचार मंथन हुआ। इस कार्यक्रम का प्रारंभ सवधर्म समभाव की प्रार्थना से हुआ। इस कार्यक्रम में पर्यावरण स्वच्छता संस्थान के निदेशक श्री जयेश भाई पटेल, श्री मफत भाई पटेल एवं तथा अन्यनेअपने विचार प्रस्तुत किये।

श्री जयेश भाई पटेल ने कहा की सभी व्यक्तियों में सेंस आफ शेयरिंग,केयरिंग व सैक्रिफाइसिंग होना चाहिए। I, we, he तथापावर आफ सर्विस पर सभी को फोकस करना चाहिए। सार्थकता बिना सुविधा किसी काम की नहीं है। Gratitude अवश्य प्रदर्शित करना चाहिए। मानवता सबसे बड़ी दवा है। सभी को एक दूसरे से सीखना चाहिए।

श्रीमफतभाई पटेल ने कहा कि इस संस्थान की स्थापना स्वर्गीय ईश्वरी भाई पटेल ने की थी। उन्होंने तीन लाख से अधिक शौचालय बनवाये। श्री मफत भाई पटेल ने कहा अपने अहं को खत्म करना होगा। समाज को अच्छी चीजों के लिए गाइड करना है। समाज को बदलने का कार्य शिक्षक का है क्योंकि उनके पास, ज्ञान घर की सफाई, यूनिवर्सिटी की सफाई कौन करेगा?स्वयं करना होगा। पर्यावरण पर चिंतन की आवश्यकता है। जीवन का नया रास्ता खोजना है। समाज को बदलना है।

श्री जयेश भाई ने कहा जहां भेद है वहां भय है। जहां संबंध है, वहां शेयरिंग है। मौन में यात्रा करना आवश्यक है। संबंध

से सुनना, मंदिर तक चरण, परमात्मा तक आचरण, लुक लर्न एवं एक्शन पर ध्यान देना है। ज्ञान की भूख कर्म है, कर्म की कसरत प्रत्यक्ष ज्ञान(Wisdom) है।Wisdomसे संस्कार निकलता है। लैंड टू Labसे लैब टू Land जाना होगा। काम का भार नहीं होना चाहिए काम का भाव होना चाहिए। डिग्निटी आफ लेबर होना चाहिए। ज्ञान के साथ कर्म की कसरत होना चाहिए। ज्ञान के बीज प्रीचिंग से नहीं आते। सभी को लर्निंग शेयरिंग पर ध्यान देना होगा। आई एम बिकॉज वीआर। इंटरकनेक्टेड हैं हम सब। प्रकृति और प्रवृत्ति में अंतर है। सबसे ऊंची प्रेम सगाई। घर की मां में जगदंबा। असंतोष गरीबी है। संतोषही संपन्नता है। कार्य में आनंद रियल वेल्थ है। जहां प्रेम प्रतिष्ठा वहांचैतन्यता। ज्ञान गति देता है। भाव दिशा देता है और पुरुषार्थ रास्ता प्रदान करता है। टीचिंग के साथ Touching की जरूरत है। एनएसएस किसी को बेहतर करने एवं बनाने का उपाय है। लीगलिटी के ऊपर Morality है।Morality के ऊपर Sprituality है। Practice is for inner Transformation, Priority is Important लव इज पॉवरफुल देन मनी। उन्होंने ऑनेस्टी कैफे के विषय में बताया उन्होंने कहा अच्छे कार्य करने वालो को काफी या चाय निशुल्क दि जाये तथा वह अपनी इच्छा अनुसार डोनेट करें। रिट्रीट है जो दिल करे वह बिल है। भरोसे का Capitalबनायें।उन्होंने सभी कार्यक्रम अधिकारियों से कहा 5 वीक में पांच अच्छे कार्य करें। कार्य के साथ सेल्फी ले। फिर उसके साथ ब्लॉग लिखें। उन्होंने कंचन, कामिनी, कीर्ति पर भी चर्चा की।

दोपहर के भोजन के पश्चात मैत्री हाल में प्रधानाचार्यएसोसियेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर सुभाष ब्रह्मभट्ट ने अपने व्याख्यान में कहा कि सेवा, कर्तव्य, भविष्य के लिए उम्मीद है। शिक्षा का तात्पर्य ध्यान कितना है?योग से तात्पर्य निष्ठा या डिवोशन है।Everyday we should Grow an inch. सभी को अपनी ड्यूटी परफेक्टली निभानी है। उन्होंने सभी को बुक बैंक का उदाहरण देकर कहा कि हमने अपने कालेज में बुक बैंक बनाई थी। इसमें सेकंड ईयर के विद्यार्थी फर्स्ट ईयर की किताबें जमा करते हैं। तथा पास होने वाले थर्ड ईयर की किताबें जमा करते हैं इन किताबों को फर्स्ट ईयर या सेकंड ईयर के विद्यार्थी पढ़ते हैं और पढ़ने के पश्चात वापस दूसरे विद्यार्थियों के लिए जमा कर देते हैं। उन्होंने एनएसएस के वॉलिंटियर्स के लिए अर्न एंड लर्न Initiative के संबंध में बताया उन्होंने कहा किNation Building का कार्य NSSके जरिए बहुत बड़ा हो सकता है। हम जितना कार्य कर सकते हैं उतना दिल लगाकर करें। उन्होंने चार बिंदुओं पर फोकस किया प्रथम योग (निष्ठा), दूसरा निधिध्यासन (एक चित्त से सोचना) तीसरा (स्वाध्याय) और चौथा सुनने की शक्ति। उन्होंने कहा कि प्रोसेस पर ध्यान देना चाहिए। जितना प्रोसेस पर ध्यान होगा उतना कन्विंसिंग पावर अधिक होगा। उन्होंने सभी को Meticulous बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी को लॉजिकल सीक्वेंस में बात करना सीखना चाहिए। उन्होंने बताया कि एनएसएस किसी भी संस्था की सबसे प्रभावी गतिविधि है।NSSके माध्यम से अर्बन एंड रूरल डेवलपमेंट एंड स्टूडेंटस का विकास किया जा सकता है।एनएसएस कैन गिव कॉन्फिडेंस टू द स्टूडेंट। वी नीड कॉन्फिडेंट पीपल।

श्री जयेश भाई ने प्रत्येक लेक्चर के बाद मिनट आफ साइलेंस पर जोर दिया तथा उन्होंने आंखें बंद करके एक मिनट साइलेंस रहने को बोला और कहा सब लोग इस 1 मिनट में अपने को देखें। चित को शांत करें।

श्री महेंद्र जिन्हें की नेशनल यूथ अवार्ड मिला हुआ है उन्होंने अपने विचारों को शेयर किया। उन्होंने कहा कि संघर्षों के साये में इतिहास हमेशा बनता है जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है।ह्रदय के अंदर जो विवेक बुद्धि है। वही हमारा गुरुदेव है। श्री विनय भाई ने Energigerटेक्निक सभी को बतायी। उन्होंने शोले फिल्म के गाना यह दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे पर सभी को एक साथ ग्रुप में डांस कराया और सभी से प्रॉमिस लिया कि सभी लोग एक दूसरे का

साथ देंगे। एक दूसरे के सुख दुख के साथी बनेंगे। जयेश भाई ने कहा इस गाने की समाप्ति पर सभी लोग एक दूसरे से गले मिलेंगे और एक दूसरे को प्यार की झप्पी देकर आई लव यू बोलेंगे।

रात्रि में सभी लोग सेवा कैफे गए। सेवा कैफे के विषय में श्री महेंद्र ने बताया सेवा कैफे पिछले 16 साल से चल रहा है इसका प्रारंभ श्री जयेश भाई और अनार दीदी ने किया था।यह विचार उन्हें अमेरिका में आया, जहां पर एक परिवार ने उनसे खाने के बदले में कुछ मांगा नहीं और उसी से प्रेरित होकर उन्होंने इस कार्य को प्रारंभ किया। आज या कैफे 52 देशों में चल रहा है। इस कैफे का मूल मंत्र हैSomeone other is paying for your foodको यहां प्रसाद कहा जाता है और खाने के बाद किसी को बिल नहीं दिया जाता है।एक Envelope दिया जाता है जिसमें खाने वाला अपनी इच्छा अनुसार धनराशि रख सकता है। इस कैफे में सभी टेबल्स का एक नाम है जॉय/यूनिटी/पीस/हैप्पीनेस। इन टेबल पर ही भोजन सर्व किया जाता है। इसके साथ ही साथ इस कैफे में लोगों द्वारा Donateकी गई किताबों की एक लाइब्रेरी है। इस लाइब्रेरी से लोग किताब ले जा सकते हैं और अपनी इच्छा अनुसार वापस कर सकते हैं। श्री महेंद्र ने बताया की सेवा कैफे में एक मनी बैंक भी है इस मनी बैंक से लोग जरूरत पड़ने पर पैसा ले सकते हैं और अपनी इच्छा अनुसार वापस कर सकते हैं उन्होंने कहा खुद और खुदा दोनोंदेखता है।जब इस सेवा कैफे में अत्यंत लाभ होता है, तो उस लाभ से गरीब बस्तियों में खाना खिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि सेवा कैफे में लोग कार्य करने के लिए वॉलिंटियर कर करते हैं। कोई भी व्यक्ति इनफॉर्म करके व्यंजन बना सकता है। टैलेंट भी दिखा सकता है। गाना भी गा सकता है। उन्होंने बताया कि जयेश भाई जोरदार मूवी का निदेशक भी वॉलिंटियर के रूप में सेवा कैफे में सेवा कार्य कर चुके हैं।चिन्मय में सेवा कैफे में गाना गाने के लिए वॉलिंटियर करते हैं। सभी ने सेवा कैफे में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया तथा गाने भी गाये एवं गरबा नृत्य भी किया।

## अध्ययन शिविर

## द्वितीय दिन 27 सितम्बर 2022

दिनांक 27 सितंबर 2022 सभी लोगों ने प्रातः पर्यावरण स्वच्छता संस्थान में सफाई का कार्य किया। इस दिन प्रभात फेरी भी निकाली गयी। उसके पश्चात सभी लोग तैयार होकर साबरमती आश्रम के परिसर स्थित सफाई विद्यालय पहुंचे और वहां टॉयलेट कैफे में नाश्ता किया। इस सफाई विद्यालय में स्वर्गीय ईश्वर भाई पटेल द्वारा डिजाइन किए हुए टॉयलेट बने हुए हैं तथा भोजन करने की जगह पर बैठने के लिए टॉयलेट की सीट लगी हुई है।

श्री गौरव जानी मोटिवेशनल स्पीकर ने गुजरात की डेमोग्राफी के विषय में बहुत सी बातें बतायी।इसके बाद सभी ने सफाई विद्यालय का भ्रमण किया और वहां की चीजों के विषय में समझा।

श्री किशन भाई जो कि TCS में सी.एस.आर. एजुकेशन के हेड है उन्होंने सफाई विद्यालय के विषय में बताया कि यह विद्यालय 1967 में श्री ईश्वर भाई पटेल द्वारा स्थापित किया गया था। सफाई विद्यालय के बाद सभी लोग साबरमती आश्रम गये और वहां पर गांधी जी के निवास स्थान हृदय कुंज, विनोवा जी के निवास स्थान, प्रार्थना स्थल, म्यूजियम आदि का भ्रमण किया सभी ने प्रार्थना स्थल पर बैठकर गांधी जी के विचारों के बारे में अपनी राय व्यक्त की तथा प्रार्थना स्थल पर ही सभी ने प्रार्थना की। साबरमती आश्रम के पश्चात सभी लोग साबरमती आश्रम के कन्या छात्रावास में गए वहां भोजन किया।श्री जयेश भाई द्वारा उस छात्रावास के विषय में विवरण प्रस्तुत किया गया।

फील्ड विजिट के अंतर्गत सभी लोग मेहसाना जिले की तहसील बीजापुर के गांव मानपुर पहुंचे। गांव के संबंध में श्री भरत भाई पटेल ने बताया कि इस गांव की आबादी 1450 है। इस गांव में 80% आबादी पाटीदार पटेलों की है। मुख्य व्यवसाय कृषि तथा पशुपालन हैं। सभी ने गांव का भ्रमण किया गांव किसी शहर से कम नहीं था। गांव में कोऑपरेटिव मिल्क सोसायटी थी। एक से आठवीं तक का स्कूल था। पीने के पानी के लिए RO प्लांट था जिसमें कि आरओ एटीएम भी लगा हुआ था। एटीएम द्वाराROका पानी भर सकते हैं। पंचायत भवन इंटरनेट की सुविधा से युक्त था पूरे गांव में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगा हुआ था तथा पूरे गांव में सीसीटीवी लगे थे।सीसीटीवी के माध्यम से पूरे गांव में सुरक्षा संबंधी मानिटरिंग हो रही थी। इस गांव की 10 परसेंट आबादी शहर में रहती है। इस गांव से दो आईजी ऑफिसर भी दो भी बने थे आईजी ऑफिसर भी बने हैं। लोकमित्र गाँव Adopted है। श्वेता ने बताया कि उसने Children University से मास्टर आफ सोशल वर्क किया है। चिल्ड्रन यूनिवर्सिटी में गर्भ संस्कार से प्रारंभ होकर नर्सरी तक पढ़ाई कराई जाती है फिर उसके बाद मास्टर की डिग्री की पढ़ाई होती है। लोकमित्र प्रोजेक्ट के अंतर्गत ईएसआई द्वारा भानपुर है ईएसआई ने कुल 16 गांव लोकमित्र प्रोजेक्ट के अंदर Adopt किए हैं। न्यूनतम 1 वर्ष के लिए विद्यार्थी लोकमित्र बनते हैं जो कि उस गांव का रहने वाला ही होता है।

भानपुर गांव में उदय भाई से भी सभी की मुलाकात हुई। उदय भाई सेवा ऑटो रिक्शा चलाते हैं तथा बैठने वाले को कोई भी बिल नहीं देते है। बैठने वाला अपनी इच्छा अनुसार धनराशि दान में देता है। इस ऑटो रिक्शा में सवारियों के लिए खाने पानी की व्यवस्था तथा बच्चों के लिए खिलौने की भी व्यवस्था रहती है। उदय भाई इस कार्य का श्रेय जयेश भाई को देते हैं। उनका कहना है इस सेवा भाव से ऑटो रिक्शा चलाने की प्रेरणा उनको श्री जयेश भाई से मिली है। सभी लोगों ने रात्रि में गांव में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की तथा गांव में दो जगह गरबा नृत्य का आनंद लिया।

## अध्ययन शिविर

## दिन तृतीय 28 सितम्बर 2022

सभी ने प्रातः की साफ–सफाई का आनंद लिया। जलपान के पश्चात मैत्री हाल में सभी लोग एकत्रित हुए और सर्व धर्म समभाव प्रार्थना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। नोबेल यूनिवर्सिटी जूनागढ़ के श्री पार्थ भाई ने मोटिवेशनल व्याख्यान दिया। उन्होंने वाटर बजटिंग मोबाइल वैकेशन तथा यूथ पर फोकस किया। उन्होंने कहा कि youthकोनेशन चैलेंज टॉप 200 इंडिया की कोई भी यूनिवर्सिटी नहीं है। उन्होंने कहा Let Youth Decide सभी यूथ। बैरियर फ्री एनवायरमेंट हो शिक्षक को बच्चे का दोस्त बनना पड़ेगा। बुक रीडिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने गुलजार के कुछ पंक्तियां कहीं की किताबें झांकती हैं

श्री जयेश भाई ने Relation के Relesson। टीचिंग विद टच, शिक्षक का काम बांटना पर प्रकाश डाला।

श्रीमती अनार नेव्याख्यान में कहा जहां पर हम हैं वहां पर कैसे डिफरेंस लाएं। हम अपनी Identityबनाएं। अपने से कनेक्ट करें। सही चीजों का स्टैंड लेना जरूरी है। उन्होंने कहा हार्टलेस इंटेलेक्चुअल की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने तीन बिंदुओं पर मुख्य रूप से अपनी बात कही प्रथम खुद को बदलना, द्वितीय ऑनेस्टी withड्यूटी और तीसराPassion के साथ जीना। उन्होंने कहा सभी को वर्तमान में जीना होगा। उन्होंने कहा कि भगवान के पास आचरण पहुंचता है चरण नहीं।

श्री जयेश भाई ने कहा खुद से प्यार, प्यार परिवार से प्यार, समाज से प्यार यह मुख्य बिंदु है समाज सेवा के।

किशन भाई ने कहा दो लोग दिल से मिले तो उसको महफिल कहते हैं। इसके पश्चात जयेश भाई ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही साथ समापन समारोह में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर के0एन0 मिश्रा तथा उप समन्वयक डॉ प्रवीन कटियार ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

जयेश भाई एवं देवेंद्र भाई ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। देवेंद्र भाई ने एएसआई के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। विनय भाई ने Energigerएक्टिविटी करायीं तथा पुनः यह दोस्ती हम ना छोड़ेंगे गीत पर सभी को एक दूसरे की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। सांय सभी लोग एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान किए और ईएसआई की बहुत ही अच्छी एवं प्रेरक यादें लेकर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरे तथा कानपुर पहुंचे।

## ईएसआई अध्ययन शिविर के मुख्य बिंदु

1. प्रथम पर्यावरण स्वच्छता संस्थान बहुत ही खूबसूरती से सजाया एवं संवारा गया संस्थान है जिसमें सभी को पर्यावरण स्वच्छता का संदेश मिलता है तथा वहां की विभिन्न एक्टिविटी द्वारा व्यक्ति स्वयं सेवा करने करने के लिए प्रेरित होता है। इन एक्टिविटीज में परिसर की साफ–सफाई, अपने कक्ष एवं बिस्तर को व्यवस्थित रखना, जलपान या भोजन के बाद अपने बर्तनों को धोना, एकाग्र होकर चिंतन करना प्रमुख हैं।
2. ई एस आई के प्रत्येक कक्ष सभागार, प्रत्येक लाबी को बहुत ही उचित नाम दिए गए हैं तथा पत्थरों पर मोटिवेशनल वाक्य लिखे गए हैं जोकि पूरे परिसर को एक नया स्वरूप प्रदान करते हैं।
3. सफाई विद्यालय से स्व0 ईश्वर भाई द्वारा किए जा रहे कार्यों के विषय में पता लगता है उन्होंने पूरे भारतवर्ष में टॉयलेट की डिजाइनिंग की तथा टॉयलेट बनवाने में अपना पूरा जीवन लगा दिया तथा उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।
4. साबरमती आश्रम के भ्रमण के दौरान एक आध्यात्मिक जुड़ाव का अनुभव होता है गांधी जी द्वारा स्थापित आश्रम में जहां गांधी जी सभी को प्रेरणा देते थे, उस स्थल पर बैठकर सभी लोग अपने को प्रेरित महसूस करते हैं।
5. गांव कितने उच्च स्तर के हो सकते हैं कितनी सुविधाओं से युक्त हो सकते हैं यह भानपुर गांव जाकर देखने को मिलता है। गांव में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, सभी घरों तक कोई संदेश पहुंचाने के लिए पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम साफ पानी देने के लिए आरो वाटर प्लांट जिसमें कि आर ओ ए टी एम लगा हुआ है। साथ ही साथ दुग्ध डेयरी है। चौड़ी सड़कें ऐसा लग रहा था जैसे कि हम लोग कहीं नगर में आ गए हैं। मंदिर बहुत ही अच्छे बने हुए है। लगभग सभी घरों में एसी का होना गांव के विकसित रूप को दर्शा रहे थे।
6. सेवा हेतु के माध्यम से कैसे हम दूसरे व्यक्तियों में सेवा की भावना उत्पन्न कर सकते हैं कैसे सेवा के लिए बैठ कर सकते हैं यह पता लगता है।
7. उदय भाई के ऑटो द्वारा सेवा की भावना को कैसे और बढ़ाया जा सकता है यह पता लगता है।

## हम सेवा कार्यों को बढ़ावा देने के लिए क्या कर सकते है?

1. एनएसएस वॉलिंटियर्स को हम लोग प्ररित कर सकते हैं कि एक सुनियोजित तरीके से हम कैसे सेवा के कार्य कर सकते हैं।
2. प्राणियों की सेवा के लिए हम प्रकल्प चला सकते हैं। साबरमती आश्रम में हमने देखा कि प्रयोग की गई बॉटल्स में पक्षियों का खाना या पानी रखा हुआ था और पक्षी आकर उसमें खाना और पानी ले रहे थे हम वह व्यवस्था अपने विश्वविद्यालय में अपने परिसर में लागू कर सकते हैं।
3. सेवा के प्रेरणा लेकर एक सेवा गार्डन बना सकते हैं। जहां पर मोटिवेशनल कोट्स/ सेवा के विचार लिखे हो और बहुत ही सुनियोजित तरीके से बैठने/घूमने की व्यवस्था हों।
4. जो लोग वहां से सीख कर आए हैं उनको हम ट्रेनर्स बना सकते हैं कि वह सेवा के कार्यों की ट्रेनिंग विभिन्न कॉलेजों में जा कर दें।
5. इसके साथ ही साथ हम अपने विद्यार्थियों को भी पर्यावरण स्वच्छता संस्थान में भेज सकते हैं सेवा कार्य सीखने के लिये।

## समस्त प्रतिभागियों की सूची



# पर्यावरण स्वच्छता संस्थान, सुगढ़, गुजरात
# कार्यक्रम की झलकियाँ













## पर्यावरण स्वच्छता संस्थान, सुगढ़, गुजरात
## कार्यक्रम की झलकियाँ























## पर्यावरण स्वच्छता संस्थान, सुगढ़, गुजरात
## कार्यक्रम की झलकियाँ












राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की चित्रावली एवं समाचार पत्रों में छायांकन का विवरण

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस 2022














# राजकीय बाल गृह में रहने वाले छात्र छात्राओं को कंप्यूटर लैब मिलेगी

## सीएसजेएमयू के छात्र बाल गृह के छात्र छात्राओं को कंप्यूटर सिखाएंगे



डीटीएनएन

कानपुर। सोमवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में राजकीय बाल गृह कल्याणपुर के छात्र छात्राओं को दीपावली के शुभ अवसर पर मिष्ठान, फल, नोटबुक, पेंसिल, रबर एवं शार्पनर वितरित किए गए। इसअवसर पर कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्र छात्राएं वर्ष पर्यंत सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं। सेवा की इसी कड़ी में आज सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक द्वारा राजकीय बाल गृह कल्याणपुर में रहने वाले छात्र-छात्राओं को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया एवं उनके साथ समय भी व्यतीत किया गया। बाल गृह में रहने वाले छात्र छात्राओं के साथ आरती भी की गयी। इस अवसर पर कुलपति द्वारा राजकीय बाल गृह में रहने वाले छात्र छात्राओं हेतु कंप्यूटर लैब की स्थापना की घोषणा की गई एवं कुलपति द्वारा यह भी बताया गया कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कंप्यूटर साइंस के छात्र यहां के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे यहां के विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर सके। इस अवसर पर आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक ने छात्र छात्राओं को आहार से संबंधित जानकारी दी और कहा कि अभी शरद ऋतु चल रही है इसलिए तला भुना भोजन ना करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजकीय बाल गृह के छात्र छात्राओं हेतु स्वर्ण प्राशन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र छात्राओं द्वारा भी सहयोग किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट( प्रथम श्रेणी) सीडब्ल्यूसी ज्यूडिशियल बेंच कानपुर नगर, श्री विनायक पाठक, योग गुरु डॉ ओम प्रकाश आनंद, डॉ प्रवीन कटियार, डा पुष्पा ममोरिया, डॉ सुधांशु राय, डा स्नेह पांडे एवं डॉ विवेक सिंह सचान आदि शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इंद्रजीत सिंह, ओजस्वी सिंह, हर्ष गुप्ता, आकृति त्रिपाठी एवं तान्या दीक्षित भी उपस्थित थे।



## सकारात्मक सेवा भाव से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं: डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

**शिक्षा के साथ सेवा और संस्कार के भाव को आगे बढ़ाने में लगा है: प्रो. विनय कुमार पाठक**

**सीएसजेएमयू के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया**





कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पीएसआईटी भौती कानपुर के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सांसद ने कहा कि सकारात्मक सेवा का भाव एनएसएस की थाती है। सेवा के द्वारा हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति भी हमें यही सिखाती है। उन्होंने तमाम उद्धरणों का उल्लेख करते हुए सेवा भाव के महत्व का बखान किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में युद्ध का भी एक धर्म होता है, जिसमें मानवता का पूरा ध्यान दिया जाता है। प्रेम में भी एक त्याग होता है, जिसमें खोकर भी लोग सुख की अनुभूति करते हैं। भारत इसी ध्येय को लेकर सेवा, त्याग और समर्पण के साथ विश्व को नयी राह दिखाने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी की अगुवाई में देश इन्हीं मूल्यों के साथ वैश्विक नेतृत्व करने के लिए तत्पर है।

**विश्वविद्यालय छात्रों ने 75 गांव में सेवा की अलख जगाई**

कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने एक संकल्प के साथ 75 गांवों में जाकर वहां जो सेवा का अलख जगाई वह सराहनीय है। हमारी नजर में शिक्षा के साथ सेवा और संस्कार का बड़ा मूल्य है। हमने पिछले एक वर्ष से इसे आगे बढ़ाने का कार्य किया है। हमने समृद्धि प्रयास के तहत आगामी 02 अक्टूबर से सेवा के संकल्प को साथ आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। हमारे 15 एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी गांधी जी द्वारा स्थापित साबरमती आश्रम जाकर सेवा के भाव और कार्य को सीखने जाएंगे। 100 छात्रों को भी आश्रम में भेजने का प्रस्ताव है।

**सेवा कार्य हमारे जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए**

[illegible]





# गुजरात की तर्ज पर विवि में खुलेगा सेवा कैफे

## बुजुर्ग, बीमारों की सेवा करने के साथ ही बुक बैंक, क्लाथ बैंक की होगी सुविधा



भाई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के छात्रों को सेवा का भाव सिखाने के लिए संस्थान में सेवा कैफे खोला जाएगा। गुजरात मॉडल की तर्ज पर विवि का सेवा कैफे भी जरूरतमंदों की मदद करेगा। कैफे के सदस्य अस्पतालों में भर्ती मरीज या घरों में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की जरूरत पड़ने पर सेवा करेंगे। कैफे में बुक बैंक, क्लाथ बैंक जैसी सुविधाएं होंगी। छात्रों को सेवा भाव का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

**कैफे में बनेगी पेशेंट केयरिंग यूनिट**

- कैफे में एक पेशेंट्स केयरिंग यूनिट भी बनाई जाएगी, जिसमें एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के वालंटियर्स सदस्य होंगे। ये छात्र अस्पतालों में जरूरत पड़ने पर मरीजों की देखभाल करेंगे। इसकी शुरुआत विवि कैंपस से की जाएगी। इसके अलावा बुक बैंक और क्लाथ बैंक की मदद से छात्र व कर्मचारी जरूरत पड़ने पर अपनी समस्या का निस्तारण कर सकेंगे।

विवि में छात्रों को पढ़ाई के साथ अब सेवा का भी पाठ पढ़ाया जाएगा। कुलपति के निर्देश पर विवि कैंपस में दिसंबर में सेवा कैफे की स्थापना की जाएगी, जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। कैफे में मानवता से जुड़े अलग-अलग संदेश होंगे। छात्रों को रोजाना कम से कम एक काम करना होगा। छात्र किसी एक गरीब को खाना खिलाना, सड़क किनारे बैठे किसी व्यक्ति की मदद करना जैसे कार्य कर सकते हैं।

महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. आरके द्विवेदी ने बताया कि सीएसजेएमयू प्रदेश का पहला विवि होगा, जहां सेवा कैफे की स्थापना की जाएगी। यह कैफे पहले विवि, फिर महाविद्यालय और फिर समाज स्तर पर काम करेगा। इससे छात्रों को सेवा भाव का पाठ पढ़ाया जाएगा। यह कैफे छात्रों में जातिवाद, धर्मवाद जैसे भेदभाव की भावना खत्म होगी और आपसी भाईचारा बढ़ेगा।

**राजकीय बालगृह के बच्चों को कंप्यूटर सिखाएंगे छात्र**

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के छात्र राजकीय बालगृह के बच्चों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देंगे। [illegible]

# रोज विद्यार्थी करें योग व व्यायाम, नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनायें

कानपुर, 12 मई। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, लखनऊ की ओर से 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अन्तर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली के लिये प्रेरित करना चाहिये। विद्यार्थियों को अपने दिन का प्रारंभ योग/व्यायाम से करना चाहिये। शिक्षकों के आचरण का अनुसरण विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है अतः शिक्षकों को स्वंय का उदाहरण विद्यार्थियों के लिये बनना चाहिये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों को भी उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिये नियमित रूप से कार्यक्रम/कार्यशाला आयोजित करायें तथा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित करें। श्रआशुतोष कुमार पाण्डेय



दीप प्रजवलित करते कुलपति।

(इंटेलिजेंस अफिसर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने नशे के संबंध में जागरूकता पर बोलते हुये नशीली दवायें (ड्रग्स)/नशे के प्रकार तथा मानव शरीर पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ड्रग एडिक्ट व्यक्ति कैसे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि युवावर्ग मजाक-मजाक में एक्सपेरिमेन्टेशन में ड्रग का प्रयोग करता है फिर कभी-कभी प्रयोग करता है, उसके बाद निरन्तर ड्रग का प्रयोग करता है। निरन्तर ड्रग का प्रयोग करने से व्यक्ति ड्रग पर ही निर्भर हो जाता है (ड्रग एडिक्ट हो जाता है)। इसलिये व्यक्ति को क्षणिक आनंद के लिये किसी भी रूप में ड्रग (नशे) का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रायः युवावर्ग साथियों के प्रभाव/दबाव (क्ल्ह्ह क्ल्ह्ह्ह्ह्ह्ह) में नशे की लत में पड़ जाता है। विद्यार्थियों को साथियों के दवाब से बचना चाहिये और ड्रग्स से दूर रहना चाहिये । आशुतोष कुमार पाण्डेय ने नशीले प्रदार्थों की तस्करी करने वालों पर सरकार द्वारा निर्धारित सजाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे खुद नशे से दूर रहे तथा अपने साथियों को भी नशे से दूर रख समाज को नशामुक्त रखने में अपना सहयोग दें। इस दौरान विवि के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलानुशासक डा प्रवीन कटियार, डॉ मानस उपाध्याय, डॉ पुष्पा ममोरिया, डॉ स्नेह पांडेय, डॉ पंकज द्विवेदी, डॉ विवेक सिंह सचान, शिवांशु सचान, ऐश्वर्या आर्या, सौरभ त्रिपाठी, अरविन्द चौहान एवं अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे...

# सीएसजेएमयू शिक्षकों–छात्रों ने बालगृह और अनाथालय में मनाई होली

जासं, कानपुर : छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षकों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और पुरातन छात्रों ने होली पर सामाजिक दायित्व भावना का निर्वाह करते हुए त्योहार मनाया। कुलपति ने बाल गृह में तैयार की जा रही कंप्यूटर लैब के कार्यों का निरीक्षण किया।

कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, आयुर्वेदाचार्य डा वंदना पाठक और उनके पुत्र विनायक पाठक ने राजकीय बाल गृह के बच्चों को पिचकारी, गुलाल व मिठाई देकर होली उत्सव की शुभकामना दीं। उनके साथ विश्वविद्यालय एल्युमिनाइ एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य डा. अवध दुबे, कनाडा के डा. एरन, न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार सिंह, राजकीय बाल गृह अधीक्षक अमित अवस्थी, सुमन, राम प्रकाश वर्मा, डा. प्रवीन कटियार, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. पुष्पा ममोरिया उपस्थित रहे। हिंदू अनाथालय में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नीरज सिंह ने बच्चों को मिष्ठान पिचकारी एवं गुलाल दिया।

# ज्यादा देर न लगाएं इयर फोन, कानों को नुकसान



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते डॉ. प्रवीन कटियार व अन्य।

कानपुर, 3 मार्च। विश्व श्रवण दिवस के मौके पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों की ओर से जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पंकज गुलाटी ने कहा कि देखने को मिलता है कि वृद्धावस्था में कम सुनाई पड़ने के कारण लोग उपहास करते है, जिसके लिए पीड़ित व्यक्ति स्वयं दोषी भी नहीं है। आधुनिक समय में बुजुर्गों का जीवन हियरिंग एड जैसे साधनों के माध्यम से सुगम बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कान की बाहरी परत की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ईयर फोन का इस्तेमाल कम से कम करें। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों से कान की सुरक्षा के संबंध में जन-जन को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इन्द्रजीत सिंह, मनोहर सिंह, कोमल शर्मा, अमृता, नमृता, स्नेहा, प्रतिभा, खुशबू, साक्षी रानी, सौम्या गुप्ता, तनिशा एवं सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. मानस उपाध्याय ने किया।

## अपशिष्ट पदार्थ से बायो-गैस बनाने पर चर्चा

कानपुर, 3 मार्च। सीएसजेएम विश्वविद्यालय के जीवन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिक विभाग में जर्नल क्लब का शुभारंभ हुआ। रिसर्च स्कॉलर शिखा सिंह ने शर्करा अपशिष्ट पदार्थ से बायो-गैस बनाने पर व्याख्यान दिया। विवि की प्रो. वर्षा गुप्ता ने कहा कि क्लब में भागीदारी से छात्रों को लाभ होगा जिसमें अनुसंधान और विकास में छात्रों की रुचि बढ़ेगी। साथ ही प्रतिभागियों की क्षमता, वैज्ञानिक डेटा पर चर्चा करने और जटिल अवधारणाओं के मौखिक संचार में आत्मविश्वास की वृद्धि होगी। उन्होंने बताया की इस जर्नल क्लब में विभाग के सभी शोधार्थियों का भाग लेना अनिवार्य है। बाद में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एआई इन बायोटेक्नोलॉजी, टेक्नोलॉजिकल एडवांस इन बायोलॉजिकल साइंस, सोशल वेलफेयर इन बायोटेक पर प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में चंद्रिका, वर्तिका त्रिपाठी, प्रगति शर्मा, कशिश राजपूत, उत्कर्ष, विपाशा, शमा, दिशा, देवेंद्र, प्राची राठौर, दीपाली सिंह, सौभाग्य मिश्रा, हृदयांशी, काजल, महिमा ने प्रथम पुरस्कार जीता। रिसर्च स्कॉलर सोनाली और मौली को पूर्जीसीसाविकीबाई ज्योतिराव फुले सिंगल गर्ल चाइल्ड फेलोशिप के लिए पुरस्कृत भी किया गया।मुख्य रूप से प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, प्रो. वर्षा गुप्ता, डॉ. शिल्पा कायस्था उपस्थित रहे।

**विश्वविद्यालय में जर्नल क्लब का हुआ शुभारंभ**

# विश्वविद्यालय एन.एस.एस. द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ


















# सीएसजेएमयू के कुलपति ने बाल गृह में मनाई दीपावली

**KANPUR (24 Oct):** सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में शिक्षक व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक स्टूडेंट्स ने सोमवार को राजकीय बाल गृह कल्याणपुर में बच्चों के बीच दीवाली मनाई. बच्चों को मिष्ठान, फल, पाठ्य सामग्री दी गई. कुलपति ने राजकीय बाल गृह में बच्चों की सुविधा के लिए कंप्यूटर लैब बनाने की घोषणा की. इस दौरान आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने बच्चों को सर्दी में संयमित खानपान की जानकारी दी. इस मौके पर सीडीसी डायरेक्टर डॉ. आरके सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, विनायक पाठक, डॉ. ओम प्रकाश आनंद, डॉ. प्रवीन कटियार, डॉ. सुधांशु राय मौजूद रहे.



बच्चों को बांटे गए गिफ्ट.

# विश्वविद्यालय परिसर की पाँचों ईकाइयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम

## राजकीय बाल गृह के बच्चों के साथ मनाई दीवाली – 23 अक्टूबर 2022

दिनांक 24 अक्टूबर 2022 दिन सोमवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के आदरणीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में राजकीय बाल गृह कल्याणपुर के छात्र छात्राओं को दीपावली के शुभ अवसर पर मिष्ठान, फल, नोटबुक, पेंसिल, रबर एवं शार्पनर वितरित किए गए।

इस अवसर पर आदरणीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्र छात्रायें वर्ष पर्यंत सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं।

सेवा की इसी कड़ी में सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक द्वारा राजकीय बाल गृह कल्याणपुर में रहने वाले छात्र–छात्राओं को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया एवं उनके साथ समय भी व्यतीत किया गया । बाल गृह में रहने वाले छात्र छात्राओं के साथ आरती भी की गयी। इस अवसर पर आदरणीय कुलपति जी द्वारा राजकीय बाल गृह में रहने वाले छात्र छात्राओं हेतु कंप्यूटर लैब की स्थापना की घोषणा की गई एवं कुलपति द्वारा यह भी बताया गया कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कंप्यूटर साइंस के छात्र यहां के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे यहां के विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर सके। इस अवसर पर आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक ने छात्र छात्राओं को आहार से संबंधित जानकारी दी और कहा कि अभी शरद ऋतु चल रही है इसलिए तला भुना भोजन ना करें ।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजकीय बाल गृह के छात्र छात्राओं हेतु स्वर्ण प्राशन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र छात्राओं द्वारा भी सहयोग किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सीडब्ल्यूसी ज्यूडिशियल बेंच कानपुर नगर, श्री विनायक पाठक, योग गुरु डॉ ओम प्रकाश आनंद, डॉ प्रवीन कटियार, डा पुष्पा ममोरिया, डॉ सुधांशु राय, डा स्नेह पांडे एवं डॉ विवेक सिंह सचान आदि शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इंद्रजीत सिंह, ओजस्वी सिंह, हर्ष गुप्ता, आकृति त्रिपाठी एवं तान्या दीक्षित भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस रन फॉर यूनिटी – 31 अक्टूबर 2022

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर छत्रपति शाहू जी ने महाराज विश्वविद्यालय ने कराई एकता दौड़।

जैसा कि आपको विदित है की सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। एकता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय ने एकता दौड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की चित्र पर माल्यार्पण/पुष्पार्पण विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक, महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक प्रो० राजेश कुमार द्विवेदी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो० संजय स्वर्णकार, विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डा० प्रवीन कटियार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। सभी छात्र छात्राओं को एकता की शपथ दिलाई गई। प्रतिकुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के सामाजिक योगदान के बारे में अपना व्याख्यान देकर सभी को प्रेरित किया।
प्रो० राजेश कुमार द्विवेदी जी छात्र छात्राओं को एकता के साथ रहने का संदेश दिया।
प्रो० संजय कुमार स्वर्णकार ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## विश्व एड्स दिवस – 1 दिसम्बर 2022

दिनांक 1 दिसंबर 2022 छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं पाचवीं इकाई द्वारा **विश्व एड्स दिवस** पर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के व्याख्यान कक्ष में आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में **आइ0एम0ए0 कानपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डा0 प्रवीन कटियार** ने विद्यार्थियों को एच0आई0वी0 एडस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एच0आई0वी0 संक्रमण के कारण, बचने के उपाय तथा एन्टीरेट्रोवायरल थिरैपी के संबंध में बताया। विद्यार्थियों ने भी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया विद्यार्थियों ने पूछा कि मच्छर के काटने से एच0आई0वी0 होता है कि नही? एच0आई0वी0 की जांच कैसे करा सकते है? स्वास्थ्य से जुड़े व्यक्ति एच0आइ0वी संक्रमण से कैसे बच सकते है। **डा0 प्रवीन कटियार** ने विद्यार्थियों को इस संबंध में जानकारी दी। विश्वविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी **डा0 मानस उपाध्याय** नें इस बार **विश्व एड्स दिवस** की थीम **"Equalize"** के संबंध में बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं पंचम इकाई के स्वंय सेवक एवं विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के संयोजन में इंद्रजीत, शिवम, ओजस्वी, तान्या आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





## विश्व श्रवण दिवस – 3 मार्च 2023

दिनांक 03 मार्च 2023 को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर शाखा के अध्यक्ष डा0 पकंज गुलाटी द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को कान की सुरक्षा के संबन्ध में जागरूक किया गया। डा0 पकंज गुलाटी ने बताया कि प्रायः देखने को मिलता है कि वृद्धावस्था में कम सुनाई पड़ने के कारण लोग उपहास करते हैं, जिसके लिए पीड़ित व्यक्ति स्वयं दोषी भी नहीं है। आधुनिक समय में बुजुर्गों का जीवन हियरिंग एड जैसे साधनों के माध्यम से सुगम बनाया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलानुसाशक डा0 प्रवीन कटियार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों से कान की सुरक्षा के संबन्ध में जन–जन को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ0 मानस उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पुष्पा ममोरिया एवं अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता डा0 पकंज गुलाटी द्वारा कुछ जरूरी सुझाव भी दिए जो इस प्रकार है–

**क्या करें –**

- कान में कम सुनाई पड़ने पर कुशल चिकित्सक से सलाह लें।
- कान के बाहरी परत की सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- समाज में कान से संबंधित बिमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है इसलिए जनमानस को जागरूक करे ।
- नहाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कान में पानी न जाये।



**क्या न करें –**

- कान में तेल नहीं डालना चाहिए।
- कान की गुजुइयां नहीं निकलवाना चाहिए।
- कान में लंबे समय तक ईयर फोन का इस्तेमाल करने से बचे।
- फोन का लंबे समय तक इस्तेमाल करने से बचें।

कार्यक्रम के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इन्द्रजीत सिंह, मनोहर सिंह, कोमल शर्मा, अमृता, नमृता, स्नेहा, प्रतिभा, खुशबु, साक्षी रानी, सौम्या गुप्ता, तनिशा एवं सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहें।

## राजकीय बाल गृह के बच्चों के साथ मनाई होली – 7 मार्च 2023

दिनांक 7 मार्च 2023 को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के माननीय कुलपति आदरणीय कुलपति विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक एवं विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र एवं छात्राओं ने निम्नलिखित स्थानों पर होली मनाई

1. राजकीय बाल गृह कल्याणपुर में माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने अपनी धर्मपत्नी डा वंदना पाठक एवं पुत्र विनायक पाठक के साथ बालग्रह के बच्चों को मिष्ठान पिचकारी एवं गुलाल भेंट किया। बच्चों ने भी उनको गुलाल लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर सीएसजेएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य डा अवध दुबे, कनाडा के डा एरन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र कुमार सिंह, राजकीय बाल गृह के अधीक्षक श्री अमित अवस्थी, शिक्षिका श्रीमती सुमन, श्री राम प्रकाश वर्मा, संयोजक डा प्रवीन कटियार, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा पुष्पा ममोरिया, डॉ संदेश गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर इंद्रजीत सिंह, ओजस्वी, तान्या आदि उपस्थित थे। राजकीय बाल गृह में विश्वविद्यालय द्वारा एक कंप्यूटर भी बनाई जा रही है। माननीय कुलपति जी ने कंप्यूटर लैब के कार्यों का निरीक्षण किया। कंप्यूटर लैब का उद्घाटन प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा 24 मार्च को किया जाएगा। इस लैब में 5 कंप्यूटर लगाए जा रहे हैं। और इन कंप्यूटरों के माध्यम से राजकीय बाल गृह के बच्चों को कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा व प्रशिक्षण दिया जाएगा।

2. हिंदू अनाथालय मे प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर नीरज सिंह ने अनाथालय के बच्चों को मिष्ठान पिचकारी एवं गुलाल भेंट किया तथा उनके साथ होली मनाई। यहां के कार्यक्रम का संयोजन डॉ सिधांशु राय ने किया। इस अवसर पर सीएसजेएम एलुमनाई एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा उमेश पालीवाल भी उपस्थित थे।

3. सिद्धनाथ गोपाल वृद्ध आश्रम दामोदर नगर में कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव एवं सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमनाई एसोसिएशन एसोसिएशन के सचिव डॉ विवेक सिंह सचान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा स्नेह पांडे के साथ वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धों को मिष्ठान एवं गुलाल भेंट किया तथा उनके साथ होली मनाई। यहां के कार्यक्रम का संयोजन डॉ विवेक सिंह सचान द्वारा किया गया।





# इंटरनेशनल डे आफ हैप्पीनेस – 20 मार्च 2023

दिनांक 20 मार्च 2023 कोविश्वविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाइयों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय हैप्पीनेस दिवस (इंटरनेशनल डे आफ हैप्पीनेस)विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नगर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक एवं आई0एम0ए0 कानपुर के सह वैज्ञानिक सचिव, **डा0 रोहन कुमार** ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में खुशी को सेलीब्रेट करने के लिये सिर्फ एक दिन ही क्यों, यह विचार प्रासांगिक है। अगर हम जीवन के कुछ खास नियमों का अनुसरण करें तो हम अक्सर खुश रह सकते है :–

1. हमेशा सभी का धन्यवाद करें, जो कुछ भी अच्छा आपको अपने जीवन में मिला है, उसका धन्यवाद करें। लोग जितना धन्यवाद करते है वे उतना ही खुश रहते हैं।
2. खुश रहने का जो दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नियम है वह हैं समाज में सभी को खुशियां बांटे और यही खुशी वापस आपके पास लौट के आयेगी। आप अपने अच्छे कार्यों से और सकारात्मक विचार से सबके जीवन में खुशियां ला सकते है।
3. खुश रहने के लिये वर्तमान में जीना अत्यन्त आवश्यक है जो लोग वर्तमान में रहकर सकारात्मक कार्य करते हैं, वे लोग अक्सर खुश रहते है।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्राओं ने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के संदर्भ में प्रश्न भी किये। जैसे–

बी0एस0सी0 एम0एल0टी0 की छात्रा अंशिका मौर्या ने पूछां कि अपने गुस्से को नियंत्रित कैसे करें?अगर कोई गुस्सा कर रहा है तो उस व्यक्ति को कैसे डील करें? अगर कोई और कहीं का गुस्सा आप पर निकाले तो क्या करना चाहिये?

पूर्व छात्र, श्रवण राज ने पूछां कि जब हम किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे होते हैं तो क्या मेडिटेशन कुछ हद तक मदद कर सकता है?

बी0एस0सी0 एम0एल0टी0 की छात्रा अमृता ने पूछां कि अगर किसी को हर बात पर गुस्सा आ जाता है तो क्या करना चाहिये?

बी0एस0सी0 एम0एल0टी0 की छात्रा ईरम ने पूछां कि हम अपने आप को तनाव से कैसे निकाले?

डा0 रोहन कुमार ने सभी विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

कार्यक्रम का संचालन कुलानुशासक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उप–समन्वयक **डा0 प्रवीन कटियार** ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 पुष्पा ममोरिया**, **डॉ0 स्नेह पाण्डेय** उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 मानस उपाध्याय** ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक **इंन्द्रजीत, ओजस्वी, जयंती, संजना, प्रध्युमन, तान्या, कोमल, तनिशा, आकृति** आदि उपस्थित रहे।





## 'नशा मुक्त भारत अभियान' – 12 मई 2023

दिनांक 12मई 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, लखनऊ द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अन्तर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो0 विनय कुमार पाठक**, कुलसचिव **डॉ0 अनिल कुमार यादव**, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, **प्रो0 नीरज कुमार सिंह**, मुख्य वक्ता **श्री0 आशुतोष कुमार पाण्डेय**, इंटेलिजेंस ऑफिसर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं **डा0 प्रवीन कटियार**, कुलानुशासक, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ।

मुख्य अतिथि मा0 कुलपति जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली के लिये प्रेरित करें। विद्यार्थियों को अपने दिन का प्रारंभ योग/व्यायाम से करना चाहिये। शिक्षकों के आचरण का अनुसरण विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है अतः शिक्षकों को स्वंय का उदाहरण विद्यार्थियों के लिये बनना चाहिये। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों को भी उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को नशें के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिये नियमित रूप से कार्यक्रम/कार्यशाला आयोजित करायें तथा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित करें।

**श्री0 आशुतोष कुमार पाण्डेय,** इंटेलिजेंस ऑफिसर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशे के संबंध में जागरूकता पर बोलते हुये नशीली दवायें (ड्रग्स)/नशे के प्रकार तथा मानव शरीर पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि ड्रग एडिक्ट व्यक्ति कैसे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। नशीले प्रदार्थो की तस्करी करने वालों पर सरकार द्वारा निर्धारित सजाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे खुद नशे से दूर रहें तथा अपने साथियों को भी नशे से दूर रख समाज को नशामुक्त रखने में अपना सहयोग दें।

**श्री0 शुभम मिश्रा**, जूनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने विद्यार्थियों को व्यसन से दूर रहने के टिप्स दिये।

कार्यक्रम में **श्री0 अनिल यादव**, जूनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिटार के माध्यम से गीतों की प्रस्तुति दी तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को Drug Abuse & Trafficking पर शपथ भी दिलायी तथा शपथ का लिंक भी विद्यार्थियों को प्रेषित किया।

धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव **डॉ0 अनिल कुमार यादव** ने किया।

कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के कुलानुशासक **डा0 प्रवीन कटियार** ने किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 मानस उपाध्याय, डॉ0 पुष्पा ममोरिया, डॉ0 स्नेह पांडेय, डॉ0 पंकज द्विवेदी** एवं शिक्षकगण **डॉ0 विवेक सिंह सचान, श्री शिवांशु सचान, सुश्री ऐश्वर्या आर्या श्री सौरभ त्रिपाठी, श्री अरविन्द चौहान एवं श्री अंकित कुमार** आदि उपस्थित थे। विद्यार्थियों में स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी इकाईयों के स्वंयसेवक तथा विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे।





## विश्व तंबाकू निषेध दिवस – 31 मई 2023

दिनांक 31 मई 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाया गया। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में आई0एम0ए0, कानपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालयके कुलानुशासक **डा0 प्रवीन कटियार** ने अवगत कराया। उन्होंने बताया कि–

–तंबाकू एवं उससे बने हुए पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। तंबाकू एवं उससे बने हुए पदार्थों के सेवन से 12 लाख व्यक्ति प्रतिवर्ष मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

–तंबाकू एवं उससे बने हुए पदार्थों के सेवन से 40 प्रकार के कैंसर हो सकते हैं।

–सिगरेट की पैकिंग एवं रोल बनने के लिए प्रतिवर्ष विश्व में 60 करोड़ पेड़ काटे जाते हैं जिससे कि पर्यावरण को अत्यंत नुकसान हो रहा है। धूम्रपान से 82 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड निकलती है जो कि वातावरण को प्रदूषित करती है।

–उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक तीसरा व्यक्ति तंबाकू या उससे बने हुए पदार्थों का सेवन कर रहा है। भारतवर्ष में तंबाकू सेवन की औसत आयु 18.7 वर्ष है जिससे कि परिलक्षित होता है कि बहुत कम उम्र में ही लोग धूम्रपान या तंबाकू से बने हुए पदार्थों का सेवन प्रारंभ कर देते हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 मानस उपाध्याय** ने बताया कि तम्बाकू पदार्थो का सेवन Habit-forming (लत लगाने वाला) होता हैं। किसी भी स्टाइल स्टेटमेंट में आकर युवाओं को इनका सेवन नहीं करना चाहिये।

इस अवसर पर विद्यार्थियों/कर्मचारियों/शिक्षकों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलायी गयी।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस – 21 जून 2023

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के परिसर एवं संबंद्ध महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिकार क्षेत्र के सात जिले के 77 गाँवों एवं 19 बस्तियों में योगात्सव कार्यक्रम का आयोजन निम्नविवरणानुसार किया गयाः



| नपद | ग्राम | बस्ती |
|---|---|---|
| कानपुर नगर | कड़री चंपतपुर, प्रतापपुर हरि, ख्योरा कटरी, सांखाहरी, हरवसपुर, मोहम्मदपुर कोरिया, चपरेहटा, बारी महतैन, गौरी, गबड़ाहा, बगिया, बगदौदी बांगर, बहलोलपुर, मंधना, बरहट बांगर, सुनौढ़ा, होरा कछार, ईश्वरी गंज, बम्हौरी, उदेतपुर, सहजोरा, चौबेपुर गाँव, बिरितियान पेम, कुकरादेव, बूढ़नपुर, राजारामपुर, किशुनपुर, मकरंदापुर, अबाबाकपुर, घाघपुर, वाजिदपुर, जरारी, महाराजपुर, बाल्हीपुर, खरगपुर, मालौं, गुरैया, नाथूपुर, चौधरीपुर, विशुनपुर, पचोर | साई साहब का हाता, अस्पताल घाट, गंगापुर डूडा कालोनी स्वर्ण जयंती बिहार, नया पुरवा, वार्ड 14, ढकनापुरवा<br>वार्ड नं.4 ग्वाल टोली , काकोर, कैंट कानपुर नगर<br>बस्ती स्वरुप नगर, बाबा घाट, शाहपुर पनकी<br>कच्ची बस्ती गोविंद नगर कानपुर वार्ड 93, सेवा बस्ती गुजरात भवन, नयागंज, सेवा बस्ती अयोध्या, धर्मशाला, धनकुट्टी, सेवा बस्ती सुतर खाना, बरराजपुर (बस्ती) |
| कानपुर देहात | खेड़ाकुर्सी, गैजूमऊ, कृपालपुर, बनार अलीपुर, निरंजनपुर | |
| इटावा | जुगौरा, जसवंतनगर, सिरहौल, सैफई, नगला छविनाथ कांधनी, नगला उदई, नगला बनी बकेवर, सराय ईसर | |
| उन्नव | गलगलहा, पन्नीटोला, जमीपुर | |
| औरैया | सराय बिहारी दास, उमरी, आदमपुर, जैतापुर | |
| कन्नौज | दीपकपुर, अतिराजपुर, अहेर, गुगरापुर, कन्नौज | काशीराम आवास योजना |
| फरूखाबाद | प्रेम नगर चिलौली, मुरौल कायमगंज, जौरा कायमगंज निनौआ, खरौआ, नैगवाँ, रसीदपुर तराई, मुरैठी, पसियापुर, अमेठी जदीद, चाँदपुर | अलेपुर पीत धौलेश्वर ग्वालटोली, फतेहगढ़ |
| कुल योग | **77 गाँव** | **19 बस्ती** |

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के परिसर एवं संबंद्ध महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिकार क्षेत्र के सात जिले के 77 गाँवों एवं 19 बस्तियों में योगात्सव कार्यक्रम का आयोजन निम्नविवरणानुसार किया गया:

कानपुर नगर के गाँवों/बस्तियों में योग के कार्यक्रमों की मानीटरिंग विश्वविद्यालय के एन0एस0एस0 के कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रवीन कटियार, डॉ0 मानस उपाध्याय, डॉ0 पुष्पा ममोरिया, डॉ0 पंकज द्विवेदी एवं डॉ0 स्नेह पाण्डेय ने की।

कानपरु देहात के गाँवों में योग के कार्यक्रमों की मानीटरिंग डॉ0 ए0सी0 पाण्डेय, अकबरपुर डिग्री कालेज ने की। इटावा के गाँवों में योग कार्यक्रमों की मानीटरिंग में डॉ नीरज कुमार, चौधरी चरण सिंह पी0जी0 कॉलेज, हैबरा, इटावा। उन्नाव के गाँवों/बस्तियों में योग के कार्यक्रमों की मानीटरिंग में रचना त्रिवेदी, डी0एस0एन0 पी0जी0 कालेज, उन्नाव ने की। औरैया के गाँवों/बस्तियों में योग के कार्यक्रमों की मानीटरिंग डॉ0 यश कुमार, वी0जी0एम0 पी0जी0 कालेज, दिबियापुर, औरैया ने की। कन्नौज के गाँवों/बस्तियों में योग के कार्यक्रमों की मानीटरिंग डॉ0 आशीष कुमार गुप्ता, नेहरू कालेज, छिबरामउ, कन्नौज तथा फर्रूखाबाद के गाँवों/बस्तियों में योग के कार्यक्रमों की मानीटरिंग डॉ0 श्याम मिश्रा, विद्या मंदिर महाविद्यालय, फर्रूखाबाद ने की। कार्यक्रम के संयोजन में डा0 प्रवीन कटियार, डॉ0 पुष्पा ममोरिया, डॉ0 मानस उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।










## विशेष शिविर कार्यक्रम इकाई 2 विश्वविद्यालय परिसर के कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ






















# राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत
# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# से सम्बद्ध महाविद्यालयों में
# आयोजित कार्यक्रमों के छायाचित्र
# एवं समाचार पत्रों का छायांकन विवरण

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## बस्तियों की सूची

| क्र0 सं0 | जनपद/DISTRICT | मॉनिटरिंग ऑफिसर | एनएसएस प्रोग्राम आफिसर का नाम | गाँव का नाम | पार्षद का नाम | पार्षद का मो0 नं0 | योगाचार्य विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कानपुर नगर | **डॉ. संगीता सिरोही,** डीजी कॉलेज कानपुर, 7985925893 | **डॉ. प्रमोद कुमार,** ब्रम्हानंद कॉलेज कानपुर, 9452110344 | साई साहब का हाता बस्ती | राजू अपना | 9532629680 | रुचि सिंह, 7267047759 |
| 2 | कानपुर नगर | **डॉ. संगीता सिरोही,** डीजी कॉलेज कानपुर, 7985925893 | **डॉ. संगीता सिरोही,** डीजी कॉलेज कानपुर, 7985925893 | अस्पताल घाट, बस्ती सिविल लाइन, कानपुर | उमर मंसूरी | 9935113786 | अंजली त्रिवेदी, 6387042985 |
| 3 | कानपुर नगर | **डॉ. संगीता सिरोही,** डीजी कॉलेज कानपुर, 7985925893 | **मुकेश कुमार,** मुलायम सिंह महाविद्यालय संकरापुर, यशोदा नगर, 9452182989 | गंगापुर डूडा कालोनी स्वर्ण जयंती बिहार | श्रीमती श्वेता दुर्गा गुप्ता | 9451792700 | सौम्या, आकांक्षा, जसिका 8604295903, 8318226556 (शारीरिक शिक्षा) |
| 4 | कानपुर नगर | **डॉ. संगीता सिरोही,** डीजी कॉलेज कानपुर, 7985925893 | **डॉ.सीमा मिश्रा,** वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज किदवई नगर कानपुर, 7905483321 | नया पुरवा, वार्ड 14 | शालू कनोजिया पार्षद | 9889778430 | विनोद शुक्ला, 8317050318 (सर्व धर्म योग संस्थान) |
| 5 | कानपुर नगर | **डॉ. संगीता सिरोही,** डीजी कॉलेज कानपुर, 7985925893 | **डॉ. सबा युनुस,** महिला महाविद्यालय किदवई नगर कानपुर | ढकनापुरवा (बस्ती) | श्री मनीष मिश्रा (पार्षद) | 9936346751 | जगमोहन शाहू, 9415733598 (सर्व धर्म योग संस्थान) |
| 6 | कानपुर नगर | **प्रो. चित्रा सिंह तोमर,** एसएन सेन बी वी पी जी कॉलेज, 9451019595 | **डॉ. कृष्णा कुमार,** पीपीएन पीजी कॉलेज कानपुर, 09450014993 | वार्ड नं.4 ग्वाल टोली मलिन बस्ती | अंकित मौर्य | 9628160936 | प्रियंका गुप्ता, 8318254565 (एम.एस.सी. योगा) |
| 7 | कानपुर नगर | **प्रो. चित्रा सिंह तोमर,** एसएन सेन बी वी पी जी कॉलेज, 9451019595 | **प्रो. चित्रा सिंह तोमर,** एसएन सेन बी वी पी जी कॉलेज, 9451019595 | काकोरी | हसन रूमी | 9415044962 | राधे लाल शाहू , 9935861111 (सर्व धर्म योग संस्थान) |
| 8 | कानपुर नगर | **प्रो. चित्रा सिंह तोमर,** एसएन सेन बी वी पी जी कॉलेज, 9451019595 | **डॉ. रागिनी कुमारी,** जुहारीदेवी गर्ल्स पीजी कॉलेज कानपुर, 9044363125 | कैंट कानपुर नगर | लखन लाल औमर | 9839575851 | सविता श्रीवास्तव, 9935664397 |
| 9 | कानपुर नगर | **प्रो. चित्रा सिंह तोमर,** एसएन सेन बी वी पी जी कॉलेज, 9451019595 | **डॉ. आँचल तिवारी,** कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय स्वरूप नगर कानपुर, 7017566367 | बस्ती स्वरुप नगर | अरून कुमार गर्ग | 7007651022 | सूर्या प्रकाश पाण्डेय, 9794997271 (सर्व धर्म योग संस्थान) |
| 10 | कानपुर नगर | **चन्द्र सौरभ,** डी ए वी कॉलेज कानपुर, 9838817381 | **चन्द्र सौरभ,** डी ए वी कॉलेज कानपुर, 9838817381 | बाबा घाट | जीतेन्द्र वाजपेयी | 9451350135 | दीक्षा गुप्ता, योग शिक्षक, डा. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सैंटर 7849881987 |
| 11 | कानपुर नगर | **चन्द्र सौरभ,** डी ए वी कॉलेज कानपुर, 9838817381 | **विजय कुमार मिश्रा,** अरमापुर पीजी कॉलेज, कानपुर, 9452806880 | शाहपुर पनकी | आरती तिवारी | 8840802566 | बाबूनंद कुशवाहा, 7499543806 |
| 12 | कानपुर नगर | **चन्द्र सौरभ,** डी ए वी कॉलेज कानपुर, 9838817381 | **डॉ. गौरव सिंह,** डी बी एस पीजी कॉलेज कानपुर, 9795774117 | कच्ची बस्ती गोविंद नगर कानपुर वार्ड 93 | नवीन पंडित पार्षद | 9838933132 | तुषार जी, 8931832417 (सर्व धर्म योग संस्थान) |
| 13 | कानपुर नगर | **डॉ. सुनीता वर्मा**, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर | **डॉ. सुनीता वर्मा**, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर 9415479748 | सेवा बस्ती गुजरात भवन, नयागंज | शिवम दीक्षित, पार्षद | 9936343868 | गिरीष श्रीवास्तव, 99357173491, (गायत्री परिवार) |
| 14 | कानपुर नगर | **डॉ. सुनीता वर्मा**, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर | **डॉ. सुनीता वर्मा**, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर 9415479748 | सेवा बस्ती अयोध्या, धर्मशाला, धनकुट्टी | शिवम दीक्षित, पार्षद | 9936343868 | हर्षिता, 8318339939 |
| 15 | कानपुर नगर | **डॉ. सुनीता वर्मा**, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर | **डॉ. सुनीता वर्मा**, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर 9415479748 | सेवा बस्ती सुतर खाना | शिवम दीक्षित, पार्षद | 9936343868 | वन्दना, 9453523324 (गायत्री परिवार) |
| 16 | कानपुर नगर | **डा. प्रवीन कटियार,** सी एस जे एम विश्वविद्यालय कानपुर कैम्पस यूनिट 5, 9495132492 | **डॉ. सौरभ पोरवाल,** रामसहाय राजकीय महाविद्यालय, शिवराजपुर, 7985416964 | बरराजपुर (बस्ती) | निर्मला कटियार, अध्यक्ष, नगर पंचायत शिवराजपुर | संपर्क- कैलाश नारायण 9450327620 | श्री हरि प्रसाद, 639426964, (गायत्री परिवार) |
| 17 | कन्नौज | **डॉ. श्याम मिश्रा,** विद्या मंदिर महाविद्यालय फर्रुखाबाद, 9450127058 | **रीतू सिंह,** राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर, कन्नौज, 9997648211 | काशी राम आवास योजना | पवन दुबे | 7068441614 | विवेक भारद्वाज, 9559701992 नित्या, 9076804410 श्रद्धा, 9044541321 |
| 18 | फर्रुखाबाद | **डॉ. श्याम मिश्रा,** विद्या मंदिर महाविद्यालय फर्रुखाबाद, 9450127058 | **डॉ. गोविंद जी रस्तोगी,** चुन्नी देवी राज नारायण मेमोरियल महाविद्यालय शमसाबाद, फर्रुखाबाद , 9335770877 | अलेपुर पीत धौलेश्वर | खुशनवाज पार्षद | 9598991037 | |
| 19 | फर्रुखाबाद | **डॉ. श्याम मिश्रा,** विद्या मंदिर महाविद्यालय फर्रुखाबाद, 9450127058 | **डॉ. अज़हर जुनैद आलम**, डी.एन. पीजी कॉलेज, फतेहगढ़, 8279498152 | ग्वालटोली फतेहगढ़ | विजय अनुरागी | 8317076260 | महेन्द्र सिंह राठौर, 7499698657 |

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

### राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह

### दिनांक : 24 सितम्बर 2022, दिन शनिवार

| क्र0सं0 | गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 मनोज कुमार यादव, जनता डिग्री कॉलेज, बकेवर, इटावा | **स्वर्ण** |
| 2. | श्रीमती रितु सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज | **रजत** |
| 3. | डा0 चित्रा सिंह तोमर, एस0एन0 सेन महाविद्यालय, कानपुर | **कांस्य** |
| 4. | डा0 संगीता सिरोही, दयानन्द गर्ल्स महाविद्यालय, कानपुर | **कांस्य** |

| क्र0सं0 | कर्मवीर पुरस्कार | |
|---|---|---|
| 1. | सौम्या सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज | **स्वर्ण** |
| 2. | शिवम गोस्वामी, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | **रजत** |
| 3. | उदिता रावत, ब्रह्मानन्द कॉलेज, कानपुर | **कांस्य** |
| 4. | विलायत फातिमा, क्राइस्टचर्च कॉलेज, कानपुर | **कांस्य** |



# राष्ट्रीय सेवा योजना - समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा

## वार्षिक रिपोर्ट 2022–23

## चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज हैंबरा इटावा

**डॉ नीरज कुमार**
एनएसएस कार्यक्रम एवं जिला नोडल अधिकारी
जनपद इटावा

चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैबरा इटावा सत्र 2012–13 से ही राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ मिलकर समाज एवं राष्ट्र सेवा में समर्पित होकर कार्य कर रहा है । कॉलेज की एनएसएस इकाई अपने प्रथम सत्र से ही विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार समाज सेवा के कार्यों में संलग्न है, विगत कोरोना कला में शरणार्थियों की सेवा ,वैक्सीन जागरूकता ,खाद्यान्न एवं फल वितरण ,तथा मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग से लेकर मास्क वितरण एवं स्वच्छता और सैनिटाइजेशन के लिए जागरूकता कार्यक्रमों किए गए । तथा आज हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम तक एक लंबी श्रृंखला के रूप में चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज इटावा की एनएसएस इकाई लगातार सक्रिय होकर कार्य कर रही है । इन्हीं समाज सेवा और सक्रियता के आधार पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीरज कुमार को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड बिलासपुर छत्तीसगढ़ में उत्तर प्रदेश दलनायक की भूमिका निर्वहन करने का अवसर प्राप्त हुआ । साथ ही साथ जनवरी 2023 में कर्नाटक के धारवाड़ और हुबली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में पुनः उत्तर प्रदेश दलनायक के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ । महाविद्यालय के छात्रों को एन आई सी में भी प्रतिभागी करने का अवसर प्राप्त हुआ जहां भिवाड़ी यूनिवर्सिटी हरियाणा में छात्रा पूजा बर्मन ने प्रतिभाग किया तो वहीं वर्धमान विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल में रोहित सक्सेना ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया । एनएसएस के द्वितीय वर्ष के छात्र प्रशांत और सोम राठौर को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभाग का अवसर मिला जिसमे नेशनल यूथ समिट में बेस्ट क्वेश्चन का अवार्ड भी प्रशांत द्वारा जीता गया । इसके साथ ही साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीरज कुमार विगत 2014 से स्वीप समन्वयक और सन 2020 से जिला नोडल अधिकारी एनएसएस के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए महाविद्यालय की एनएसएस इकाई को निरंतर विश्वविद्यालय एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व प्रदान कर रहें हैं । विगत सत्र 2022–23 में एनएसएस इकाई ने माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनपद इटावा के 10 गांव में घरों में जाकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए जागरूकता, एक मुट्ठी अनाज का एकत्रीकरण , एवं ग्रामीण छोटे बच्चों और ग्राम प्रधानों के सहयोग से प्राथमिक स्कूलों ,उच्च प्राथमिक स्कूलों ,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों , आंगनबाड़ी केंद्रों , एवं पंचायत भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराया एवं लोगों को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने और देश सेवा हेतु तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया । साथ ही साथ सितंबर 19 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई की टीम के साथ मिलकर 50 यूनिट रक्तदान किया । इसी प्रकार वन महोत्सव के अंतर्गत जुलाई और अगस्त 2022 में 600 से अधिक पौधे लगाए गए और उनकी समय–समय पर देखभाल करके उनको जीवित रखने का प्रयास लगातार जारी है । स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के छात्रों द्वारा अक्टूबर 19 और 20 को स्वच्छ भारत अभियान सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण एवं प्लाग रन का आयोजन किया गया जो 5 किलोमीटर लंबी थी, जिसको हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय के प्राचार्य ने रवाना किया । इसके साथ–साथ 26 नवंबर 2022 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संविधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं को हमारे संविधान के बारे में विस्तार से बताया गया इसके साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस को 10 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया । साथ ही साथ सितंबर में ही पोषण माह कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें अधिग्रहित ग्राम नगला छबीनाथ में जाकर गांव

वासियों को साफ और पोषित भोजन को लेने हेतु प्रेरित किया गया । इसके साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें निबंध प्रतियोगिताएं , पोस्टर प्रतियोगिताएं , बाल पेंटिंग प्रतियोगिताएं , और सड़क सुरक्षा रैलियां आयोजित की गई यह सभी कार्यक्रम राज्य सड़क परिवहन विभाग एवं आरटीओ इटावा के सहयोग से हुए जिन्हें सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान एआरटीओ इटावा श्री बृजेश यादव द्वारा प्रतिभागी छात्र–छात्राओं और विजेता छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया । इसके साथ ही साथ सितंबर 2022 में कार्यक्रम अधिकारी को राज्यपाल महोदया माननीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी और माननीय कुलपति महोदय के आदेश अनुसार आयोजित साबरमती ट्रेनिंग में भी प्रतिभागी करने का अवसर मिला । इसके साथ ही साथ 13 से लेकर 19 मार्च 2023 में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन अधिग्रहित ग्राम नगला छबीनाथ में किया गया । इस सात दिवसीय विशेष शिविर की थीम जलवायु परिवर्तन और जी–20 के परिपेक्ष में देश निर्माण में युवाओं की भूमिका रही । इन सात दिवसीय दिन रात्रि शिविर में छात्र–छात्राओं ने प्रतिदिन योग ,खेलकूद ,संस्कृति ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का तो आनंद लिया ही साथ ही साथ बौद्धिक सत्र में प्रतिदिन विभिन्न अलग–अलग संस्थाओं के विद्वान प्रोफेसर्स एवं अधिकारियों को सुनने और उनसे सीखने का अवसर भी प्राप्त हुआ । इसके साथ ही प्रत्येक दिन आयोजित प्रोजेक्ट सत्र में प्रतिदिन कुछ ना कुछ नया बनाने सीखने और करने का अवसर भी प्राप्त हुआ इसके साथ ही साथ महाविद्यालय ने 23 जून 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया । यह आयोजन वृहद स्तर पर किया गया जिसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री शिवपाल सिंह यादव थे जिनके निर्देशन में और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा उप प्राचार्य प्रो.फतेह बहादुर सिंह यादव के साथ एनएसएस और महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों ने करें योग रहे निरोग के नारे के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया । सत्र 2022–23 में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक जी एनएसएस समन्वयक प्रो.के एन मिश्रा जी प्राचार्य प्रो.शैलेंद्र कुमार शर्मा जी उप प्राचार्य प्रो.फतेह बहादुर सिंह यादव जी एवं एनएसएस उप समन्वयक डॉ. श्याम मिश्रा जी का अतुलनीय सहयोग एवं दिशा निर्देश महाविद्यालय की इकाई को मिलता रहा है जिसके लिए मैं डॉ. नीरज कुमार कार्यक्रम अधिकारी आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और उम्मीद करता हूं कि आप सभी के सहयोग और प्रोत्साहन से निरंतर समाज सेवा और देश सेवा में अग्रसर बना रहूंगा ।।।










रक्तदान अमृत महोत्सव
NCC
राष्ट्रीय कैडेट कोर
राष्ट्रीय सेवा योजना




स्वच्छता एक्शन प्लान








चौ. चरण सिंह पी.जी. कॉलेज
राष्ट्रीय सेवा योजना


NATIONAL SERVICE SCHEME (N.S.S.)
NOT ME BUT YOU


26th NATIONAL
YOUTH
FESTIVAL - 2023

# विद्या मंदिर महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रुखाबाद

## राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ. श्याम मिश्रा
कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो.



विद्या मन्दिर महाविद्यालय, कायमगंज में स्वतन्त्रता दिवस के पर्व पर तिरंगा यात्रा।




विद्या मन्दिर महाविद्यालय, कायमगंज में स्वतन्त्रता दिवस के पर्व पर तिरंगा वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ महविद्यालय के प्राचार्य एव राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 श्याम मिश्रा जी द्वारा।




राष्ट्रीय सेवा योजना, संत कबीर इकाई विद्या मन्दिर महाविद्यालय कायमगंज द्वारा अन्तर्राश्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का दृश्य।




महाविद्यालय इकाई द्वारा 2023 में हेल्थ मिशन के अन्तर्गत हेल्थ दिवस का आयोजन




राष्ट्रीय सेवा योजना, संत कबीर इकाई विद्या मन्दिर महाविद्यालय कायमगंज द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 2023 का आयोजन



राष्ट्रीय सेवा योजना, संत कबीर इकाई विद्या मन्दिर महाविद्यालय कायमगंज द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 2023 के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन।



राष्ट्रीय सेवा योजना, संत कबीर इकाई विद्या मन्दिर महाविद्यालय कायमगंज द्वारा सात दिवसीय विशेश शिविर 2023 में रंगोली प्रतियोगिता का निरीक्षण करते महाविद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी

# विद्या मंदिर महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रुखाबाद

## राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ. श्याम मिश्रा
कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो.
















# मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय

निनौआ, फर्रूखाबाद (उ0प्र0)

**हर घर तिरंगा कार्यक्रम जागरूकता अभियानः** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, निनौआ, फर्रूखाबाद की एन0एस0एस0 इकाई के तत्वाधान में प्राचार्य श्रीमती शिल्पी सिंह के दिशा निर्देशन में दिनाँकः–02.08.2022 को आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरूकता अभियान का अयोजन किया गया। जिसमें एन0एस0एस0 वॉलंटियरस को राश्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित किया गया। दिनाँकः–04.08.2022 मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, निनौआ, फर्रूखाबाद की एन0एस0एस0 इकाई के स्वयंसेवकों, छात्र/छात्राओं द्वारा स्थानीय क्षेत्र का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शिल्पी सिंह के कुशल संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी सुन्दर लाल के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के विशय में लोगों को जागरूक किया गया जिसके अन्तर्गत छात्र/छात्राओं ने क्षेत्रवासियों को बताया कि हर घर तिरंगा मुहिम से जुड़िए और अपने घरों में पूरी आन बान शान से तिरंगे को लहराए एवं अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करिए।

### सात दिवसीय राश्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आयोजन

दिनाँकः– 13.03.2023 को मान्यवर कंशीराम राजकीय महाविद्यालय फर्रूखाबाद की राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित विशेश शिविर के प्रथम दिवस का प्रारम्भ गांव निनौआ में प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के दिव्य सभागार में उद्धाटन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम राश्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, प्रवचन व प्रार्थनाओं से सभागार की आध्यात्मिक किया गया। जबमन में प्रश्न उठने बन्द हो जाएं तो समझ लेना चाहिए कि हमारे व्यक्तित्व का विकास भी रूक चुका है। अतः हम सबको एक साथ मिलकर भाईचारे की भावना का प्रचार प्रसार करते रहना चाहिए। आज के मुख्य अतिथि माननीय सुनील कुमार चक, चेयरमैन कायमगंज, ने अपना वक्तव्य इसी बात से शुरू किया कि प्रश्न तभी मन में अंकुरित होते हैं जब हमारा चिंतन गुणात्मक हों। राजकीय इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ के उपप्रधानाचार्य ने राश्ट्रीय सेवा योजना के उदेश्यों को हम कैसे अपने जीवन उदेश्यों से जोड़कर जन–जागरण एवं जन सेवा के साथ साथ अपने स्वयंसेवकों का व्यक्तिव विकास सुनिश्चित कर सकते हैं इसकी युक्तियाँ भी सुझाई। ग्राम प्रधान निनौआ श्री अजय कटियार जी सात दिवसीय शिविर को सफल बनाने हेतु स्वयं सेवकों से न सिर्फ अपील की अपितु अपने सहयोग की इच्छा भी जताई। अतः में कालेज की प्राचार्य ने बताया कि हमें अपन समाज अपने देश के इतिहास वर्तमान की समस्याएं एवं अवसर तथा भविश्य की चुनौतियों के बारे में जागरूक होना होगा। उन्होने आगे बताया कि हम इस सात दिवसीय विशेश शिविर में अपना योगदान देकर यह भी सीख सकते है कि व्यक्तित्व विकास से अपने परिवार समाज एवं राश्ट्र का विकास कैसे सुनिश्चित किया जाय।








**समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करना है: शालिनी**

यूथ इंडिया संवाददाता

फर्रूखाबाद। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से संचालित विशेष शिविर के दूसरे दिन मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ, में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के ग्राम प्रधान अजय कटियार के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शालिनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुंदर लाल ने सभी स्वयंसेवकों को सामाजिक सरोकारकरो से संबंधित कार्य को करने एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है शिक्षण सत्र में डॉ महेश कुमार ने शिक्षा पर जोर दिया।

सुनील कुमार ने मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में समझाया एवं स्वयं सेवकों ने भट्टे मजदूरों को भोजन वितरित किया, और यहा रह गए मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने तथा उन बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने के लिए उनके अभिभावकों को समझाया।

इस अवसर पर अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शालिनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को समाज में बिना भेदभाव के निस्वार्थ सेवा करने के बारे में जानकारी दी, और समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुंदर लाल जी ने जीवन का असली लक्ष्य क्या है,एवम जीवन को कैसे जीना है, इसके नए नए आयामों के बारें में स्वयसेवकों को जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवकों ने समाज में रहकर कैसे समाज की सेवा करनी है तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के इन स्वयं सेवकों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुंदर लाल जी,सुनील ,महेश राहुल वर्मा, वरुण सुर्यकांत कांत अंबुज दीक्षित रोशनी आदि उपस्थित रहे।

## मुलायम सिंह महाविद्यालय, सकरापुर, यशोदानगर, कानपुर

मुलायम सिंह महाविद्यालय, सकरापुर, यशोदानगर, कानपुर की राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई (अहिल्याबाई) द्वारा आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मनाते हुए गोद ली गई 3 मलिन बस्तियों सकरापुर, डूडा कालोनी एवं गंगापुर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, अभियान एवं रैलियों के आयोजनों का विवरण निम्न प्रकार है–

14 मई 2022 को योगाभ्यास सत्र का आयोजन ,

27 मई सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान,

28 मई सड़क सुरक्षा जागरूकता श्लोगन लेखन प्रतियोगिता,

30 मई सड़क सुरक्षा जागरूकता शपथ ग्रहण समारोह,

31 मई सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली,

03 जून 2022 को विश्व साइकिल दिवस पर रैली,

05 जून 2022 को पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपड़ कार्यक्रम

14 जून 2022 को शिशु टीकाकरण, पोलियों, पेन्टा रोटा, डी०पी०टी० आदि

21 जून अष्ट्म अन्तर्राश्ट्रीय योग दिवस,

07 जुलाई वृक्षारोपड़ कार्यक्रम

07 अगस्त 2022 को तीनो बस्तियों में नेत्र शिविर, टीकाकरण, वृक्षारोपड़ हेतु स्वयंसेवकों की टीम बनाना,

08 अगस्त को पल्सपोलियों एवं अन्य टीकाकरण शिविर।

11 से 15 अगस्त तक–

(i) हर घर तिरंगा हेतु तीनों बस्तियों में 75–75 झण्डों का वितरण

(ii) प्रभात फेरी निकालकर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों का जीवन इतिहास रेडियों द्वारा सुनाना।

(iii) अन्नपूर्णा योजना हेतु हर घर से अन्नदान लेना।

(iv) 14 अगस्त को विशाल वृक्षारोपड़ तीनो बस्तियों में 75–75 पौधे सी०डी०सी० डॉ० राजेश कुमार द्विवेदी, डॉ० विमल कुमार सिंह एवं डॉ० आशीश कुमार कटियार (CSJMU) के निर्देशन में लगाए गए।

सांयकाल चौपाल का आयोजन एवं गरीब व्यक्तियों को अन्नदान देना।

15 अगस्त प्रभात फेरी एवं तीनो बस्तियों में पार्शदो के साथ झंडा रोहण कार्यक्रम का आयोजन

05 सितम्बर 2022 को बालिका शिक्षा हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

06 सितम्बर 2022–

(i) रोड सेफ्टी क्लब द्वारा, पोस्टर प्रतियोगिता

(ii) राश्ट्रीय पोशणमाह के अन्तर्गत श्लोगन लेखन प्रतियोगिता

17 सितम्बर यूनिसेफ की ओर से स्मार्ट युवा फिल्म फेस्टिवल मे मंडलायुक्त डॉ० राजशेखर, मां. कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक, DCP क्राइम सलमान ताज IAS हिमांशू गुप्ता द्वारा महाविद्यालय के 4 स्वयंसेवकों का सम्मान एवं पुरूस्कार प्रमाण पत्र आदि वितरित करना।

19 अक्टूबर 2022 को स्वच्छ भारत अभियान–2 के अन्तर्गत पौराणिक महादेवन मन्दिर के आस–पास 70 ज्ञह सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करना एवं निस्तारण।

31 अगस्त 2022 रन फॉर यूनिटी राष्ट्रीय एकता दिवस

03 नवम्बर 2022 गीता संदेंश मानव श्रंखला बनाना

10 नवम्बर 2022 को परियोजना प्रकाश द्वारा नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन। डॉ० अवध दूबे, डॉ० दीपिका कटियार

14 नवम्बर 2022 बाल टीकाकरण शिविर

28 नवम्बर 2022 सड़क सुरक्षा रैली

03 दिसम्बर 2022 श्रमदान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

09 जनवरी 2023 पल्सपोलियों, चेचक, बी०सी०जी० बूस्टर, पेन्टा रोटा आदि टीकाकरण एवं एक दिवसीय शिविर

19. जनवरी 2023 सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

02 फरवरी 2023 विशाल वृक्षारोपड़ कार्यक्रम

17 फरवरी 2023 बाल टीकाकरण शिविर

05 अप्रैल से 11 अप्रैल 2023 सात दिवसीय विशेश शिविर के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ 15 से 29 साल के 200 घरों के युवाओं का सर्वे।

08 मई 2023 शिशु टीकाकरण शिविर

14 जून 2023 एन०एस०एस० के विभिन्न प्रतियोगियों के प्रमाणपत्र विवरण – अतिथि मा०सतीश महाना जी द्वारा।

15 से 20 जून 2023 टीम बनाकर योग दिवस हेतु जागरूकता रैली का आयोजन

21 जून 2023 विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित योगाचार्यों द्वारा चयनित बस्तियों में योग शिविर का आयोजन।








# डी.एस.एन.कालेज, उन्नाव

## सूर्यशक्ति इकाई

''परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई''

डॉ.रचना त्रिवेदी
कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो.
जिला नोडल अधिकारी, उन्नाव

राष्ट्रीय सेवा योजना सूर्य शक्ति इकाई डी.एस.एन कॉलेज,उन्नाव का प्रमुख ध्येय प्राणी मात्र की सेवा, मानव स्वभाव एवं कष्ट को समझने वाला व्यक्तित्व, पारिवारिक,सामुदायिक एवं पर्यावरण संबंधी सेवाओं के माध्यम से ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो मनुष्य के साथ–साथ प्रकृति एवं समस्त प्राणी मात्र के कल्याण के लिए अपना योगदान देने हेतु सदैव तत्पर रहे,''मुझसे पहले आप'' को याद रखें।

इकाई के प्रत्येक स्वयंसेवक को वर्दी पहनकर यह शपथ लेनी होती है कि वह अपने देश, समाज, प्रकृति एवं परिवार की सेवा करने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। वर्दी उन्हें सदैव उनके कर्तव्य को स्मरण में रखने में सहायक है एवं समाज में एक स्वयंसेवक के रूप में सम्मानजनक पहचान दिलाती है।

इकाई ने पूरे वर्ष भर नियमित एवं विशेष शिविरों के अतिरिक्त एक पांच दिवसीय **क्लीन इंडिया 2-0** (सिंगल यूज प्लास्टिक) स्वच्छता अभियान भी चलाया। **रोजगार प्रशिक्षण** हेतु बैंक से संपर्क करके एक सेमिनार का आयोजन किया इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा चलाई जा रही **सखी वन स्टाफ सेंटर** से संपर्क करके गोद गांव गलगलहा के अतिरिक्त अन्य गांवो में **महिला चौपाल** का आयोजन किया। **महिला कल्याण एवं बाल विकास अधिकारी** को बुलाकर उद्बोधन कराया। **फायरस्टेशन** के अधिकारियों को बुलाकर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण एवं जानकारी दिलाई गई।

G–20 एवं Y–20 की जागरूकता के लिए G–20 की उत्तरप्रदेश उच्च शिक्षा के **ब्रांड एंबेसडर माननीय तुलिका रानीजी** एवं **नेहरू युवाकेंद्र के युवा अधिकारी श्री विनीत गहलावतजी** का उद्बोधन हुआ। समय–समय पर जनपद उन्नाव के **विधायक माननीय पंकज गुप्ता जी एवं माननीय आशुतोषजी** का भी आगमन हुआा। स्वयंसेविका अतिथी पाण्डेय ने युवा सांसद प्रतियोगिता में भी भाग लिया। स्वयंसेविका तरन्नुम खान का प्री.आर.डी परेड के लिए चयन हुआ। स्वयंसेविका लक्ष्मी रावत ने मंदिरों, में गांव में एवं प्राथमिक विद्यालय जवाहर खेड़ा में सप्ताह में 02 दिन जाकर शिक्षण कार्य किया एवं प्राथमिक विद्यालयों मे स्वच्छता अभियान का संदेश देते हुए श्रमदान कियाा। लक्ष्मी रावत ने कई बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों की सहायताभीकी। बस स्टैंड, टेंपोस्टैंड, फायरस्टेशन, रेलवेस्टेशन में इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। स्वयंसेविका आरफा ने प्राथमिक विद्यालय रामनगर, उन्नाव डेढ़ माह जाकर शिक्षण कार्य किया। स्वयंसेविका शिवांगी मिश्रा ने अपनी टोली के साथ जाकर भण्डारे के एवं त्योहारो के पश्चात मंदिरों की सफाई की। स्वयंसेवक अभिषेक ने 02 बार राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लिया एवं सभी स्वयंसेवकों को ड्रिल करना सिखाया। इकाई ने ठंड के मौसम में बुजुर्गों एवं बच्चों को गर्म कपड़ों एवं अनाज का वितरण किया। 14 नवंबर को प्राथमिक विद्यालय में खिलौनों का वितरण किया। इसके अतिरिक्त हनुमंतजीव आश्रम में भी कंबल दिये। रक्तदान, मतदाता जागरूकता, गौरैया संरक्षण, नशामुक्ति अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पोषणमाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हर घर तिरंगा, आजादी का अमृतमहोत्सव, तिरंगा यात्रा, यूनिटीरन, योगदिवस, महिला समानता दिवस, बालिका दिवस, मिशन शक्ति, पोलियो मुक्ति रैली, यातायात सड़क सुरक्षा, वृक्षारोपण, यूथसर्वे, आदि अनेकों जागरूकता अभियान कार्यक्रम अधिकारी की दिशानिर्देशन में चलाएं।

कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर भिवानी, हरियाणा में उत्तरप्रदेश टीम लीडर के रूप में भाग लिया इसके अतिरिक्त नई दिल्ली में यूथ सर्वे हेतु मास्टरट्रेनर की ट्रेनिंग भी ली।

इकाई के प्रत्येक कार्य का उद्देश्य समुदाय की सहायता एवं जागरूकता और स्वयं को कर्तव्य निष्ठ स्वयंसेवक एवं नागरिक बनाना मात्र है।

















राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान


CHAUDHARY BANSI LAL UNIVERSITY, BHIWANI
GDC MEMORIAL COLLEGE, BAHAL

सेवा सामाजिक जीवन की उन्नति के लिए जरूरी
जीडीसी कॉलेज के एनएसएस शिविर को संत कंवर महाराज ने किया संबोधित



## राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा

सुश्री रेखा दीक्षित
कार्यक्रम अधिकारी

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत में पंचायती राज व्यवस्था महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कारगर रही है विषय पर चर्चा हुयी।

दिनांक 10 मई को सन 1857 में प्रारंभ हुये प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेखा ने लज्जो, बेगम जीनत महल, बेगम हजरत महल, उदा देवी, झलकारी बाई, हैदरीबाई और महारानी लक्ष्मीबाई आदि वीरांगनाओं के योगदान को याद को याद किया। डॉ रमाकांत रॉय ने भी प्रथम स्वातंत्र्य समर के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान की।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सप्ताह भर डॉ अजय दुबे , असिस्टेंट प्रोफेसर– शारीरिक शिक्षा के मार्गदर्शन में छात्राओं और महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने योग किया। कार्यक्रम का आयोजन और संयोजन–राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा किया गया। योग सप्ताह में राश्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं तथा समस्त प्राध्यापकों ने अति उत्साह के साथ प्रतिभागिता की और जीवन में योग अपनाने का संकल्प किया।

दिनांक 23 सितम्बर, 2022 को राश्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय में कुछ कार्यक्रम आयोजित किये गये। पंचायत राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा ने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपना वक्तव्य रखते हुए प्राचार्य डॉ श्यामपाल सिंह ने कहा कि हमारा संविधान दुनिया के कई देशों के विधान का अद्भुत सम्मिश्रण है जो हमें स्वाधीनता, समानता और भाईचारे का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि संविधान श्रेष्ठ मूल्यों का संवाहक है और हमें इसका अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का आवाह्न किया कि वह अपना ध्यान दुनियावी चीजों से हटाकर पढ़ाई पर केंद्रित करें क्योंकि उनके विकास का मार्ग वहीं से जाता है। सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ रमाकांत राय ने कहा कि जब संविधान को अंगीकृत करने की बात चल रही थी तो सभा की बैठकों में इसके स्वरूप को लेकर गंभीर चर्चा हुई।

दिनांक 12 जनवरी, 2023 को युवा दिवस के अवसर पर छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर रैली निकाली गई। इसी प्रकार 23 जनवरी, 2023 को नेता जी सुभाश चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर एक रैली का आयोजन किया गया।

दिनांक 24 जनवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुये। दिनांक 25 जनवरी, 2023 को संविधान दिवस पर एक विचार गोश्ठी का आयोजन हुआ।

महाविद्यालय इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 21 मार्च, 2023 से दिनांक 27 मार्च, 2023 तक सम्पन्न हुआ।














## नेहरु कालेज छिबरामऊ, कन्नौज

**डॉ0 आशीष कुमार गुप्ता**
कार्यक्रम अधिकारी

दिनांक 15.07.2022 को नेहरु कालेज छिबरामऊ, कन्नौज में राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत युवा वन में वृक्षारोपण का अभियान चला गया। दिनांक 11.07.2022 को नेहरु कालेज में साहित्यिक–सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला के अन्तर्गत विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या विस्फोट एवं खाद्य सुरक्षा तथा मिशन शक्ति के तृतीय चरण के अन्तर्गत उन्नत परिवार के सृजन में नारी शक्ति की भूमिका विशय पर विचार–विमर्श किया गया।

दिनांक 10 से 15 अगस्त 2022 तक गॉवों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान पॉच गॉवों का चयन किया गया जिसमें क्रमशः प्रेमपुर, दीपकपुर, अतिराजपुर, निगोह और कल्याणपुर सम्मिलित थे। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नये गॉवों और मलिन वस्तियों में विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल माननीया आनंदीबेन पटेल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में शुभारंभ के साथ ही प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में यह कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया।

इसी कड़ी में कन्नौज जनपद के उपर्युक्त गॉवों को चयनित किया गया। उपर्युक्त गॉवों में प्रेमपुर गॉव के पी0पी0 इण्टर कालेज में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेहरु कालेज की राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने भी प्रतिभाग किया।

शिविर का आरम्भ ज्ञान की अधिष्ठाती सरस्वती और कालेज के संस्थापक स्व0 लक्ष्मी नारायण दुवे जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण से आरंभ हुआ। तदुपरान्त नेहरु कालेज की सचिव महोदया श्रीमती इन्दिरा दुवे ने पी0वी0 इण्टर कालेज और नेहरु कालेज के छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्य निश्ठा के प्रति प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डा0 आशीश कुमार गुप्ता के निर्देशन में छात्र–छात्राओं ने बालंटियर्स की भूमिका का वखूवी निर्वहन किया। उन्होने ग्रामीण जन को कतारवद्ध किया। ग्रामीण जन का फार्म भरने एवं पंजीकरण करने में सहायता की। वॉलंटियर्स ने डाक्टर द्वारा नेत्र परीक्षण किये जाने तक समूची व्यवस्था को संचालित किया। इस कार्यक्रम को संयोजित करने तथा सुचारु रुप से सम्पन्न कराने में प्राचार्य सहित शिक्षक एवं शिक्षेणत्तर कर्मचारियों ने महती भूमिका का निर्वहन किया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन वृन्त से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। वांलटियर्स द्वारा प्रत्येक गॉवों में 75 पौधे लगाये गये। गॉवों में सांयकाल ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। प्रत्येक गॉवों में झण्डारोहण कार्यक्रम भी किया गया।

दिनांक 14 सितम्बर 2022 को हिन्दी दिवस बड़े हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। दिनांक 21.10. 2023 को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। 31 अक्टूवर 2023 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती आयोजित की गयी। 26 नवम्वर 2023 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। 18 दिसम्बर 2023 को राश्ट्रीय आपदा मोचन बल ने छात्र–छात्राओ को आपदा से वचाव के उपाय सुझाव। 21 जून 2023 को ग्राम अतिराजपुर व दीपकपुर में योग शिविर आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक 25.03.2023 से 31.03.2023 तक सात दिवसीय विशेश शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरम्भ प्रतिदिन सरस्वती वंदना, राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत और योगाभ्यास से होता था। इसके उपरान्त प्रत्येक दिन अलग–अलग गतिविधियॉ सम्पन्न होती थी।,



# चौ0 सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी, जसवन्तनगर (इटावा)

**डॉ0 धमेन्द्र कुमार**
कार्यक्रम अधिकारी

**<u>बालदिवस (14 नवम्बर 2022)</u>**

चौ० सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी जसवन्तनगर, इटावा की एन.एस.एस. इकाई के द्वारा दिनांक 14 नवम्बर 2022 को एन.एस.एस स्वयं सेवको ने बाल दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के डायरेक्टर डा0 संदीप पाण्डेय जी व प्राचार्य डा0 जितेन्द्र यादव जी एवं संस्था के समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थित रही। कार्यक्रम में शिक्षा संकाय से श्री अटल बिहारी जी (सहा0 आचार्य) ने अपने व्याख्यान मे बताया कि बाल दिवस नेहरू की जयंती के अलावा बच्चो की शिक्षा और अधिकारो के बारे में जागरुकता बढाने के लिए भी मनाया जाता है।

**विश्व एड्स दिवस (1 दिसम्बर 2022)**

चौ0सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी जसवन्तनगर, इटावा में एन. एस. एस. इकाई के द्वारा दिनांक 01 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया ।एन. एस. एस. स्वयं सेवको द्वारा मानव श्रंखला बनाकर एड्स रोग के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 जितेन्द्र यादव जी थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चौ0 सुघर सिंह कालेज ऑफ कार्मेसी कॉलेज से डा0 राकेश सैनी की उपस्थिति रही।

**राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी– 2023)**

चौ० सुघर सिंह एजूकेशनल एकेडमी जसवन्तनगर, इटावा में दिनांक – 12 जनवरी 2023 को एन. एस. एस. इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में महाविद्यालय की प्रबन्धन समिति से श्री अशांक यादव (हनी) जी व समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। युवादिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापको ने युवा दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार प्रस्तुत किये। वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में बताया कि युवा दिवस प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। युवा देश का भविष्य व देश की रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार रीढ़ कमजोर होने पर शरीर सीधा खड़ा नही हो सकता उसी प्रकार कमजोर युवाओ के साथ कोई देश मजबूत नही हो सकता। देश की युवा पीढ़ी पर ही देश का भविष्य निर्भर करता हैं। आज के कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

**विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी 2023)**

चौ० सुघर सिंह एजूकेशनल एकेडमी जसवन्तनगर, इटावा की एन. एस. एस. इकाई, द्वारा 4 फरवरी 2023 को एन. एस. एस. स्वयंसेवकों ने विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं द्वारा अपने सम्बोधन मे बताया गया कि कैंसर हमारी जिन्दगी का एक अभिशाप हैं।

**<u>सात दिवसीय विशेष शिविर– 23–03–2023 – 29–03–2023</u>**

दिनांक 23/03/2023 – 29/03/2023 तक चौ० सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी जसवन्तनगर, इटावा में एन. एस. एस. के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय स्वयं सेवको एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। विशेष शिविर की थीम'' पर्यावरण संरक्षण एवं **जी.20** के परिपेक्ष में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका'' थी। कैम्प स्थल के रूप में कम्पोजिट विद्यालय जुगौरा, जसवन्तनगर, इटावा चयन किया गया।

## (अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस – 2023)

आज दिनांक 21–06–2023 को अन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत गाँव में योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चौ० सुघर सिंह एनकेशनल, एकेड़मी जसवन्तनगर के एन. एस. एस. स्वयं सेवको द्वारा आयोजित किया गया, कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्राम जुगौरा व ग्राम सिरहौल का चयन किया गया विश्वविद्यालय से आये हुए योगाचार्य श्री मनीष यादव जी व श्री चन्द्र किशोर जी के निर्देशन में अन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।







ग्राम जुगौर में योग शिविर में योग क्रियाएं करते चौधरी शुगर सिंह एकेडमी के छात्र–छात्राएं और अध्यापक।

### जुगौरा गांव में 180 लोगों ने एक साथ किया योग

जसवंतनगर (इटावा) 21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र के ग्राम जुगौरा में चौधरी सुघर सिंह एजुकेशन अकैडमी जसवंतनगर द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख रामपाल सिंह यादव मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जुगौरा गांव के ग्राम प्रधान शेर सिंह ने मौजूद रहकर योग करने आए छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार शिक्षकचौ0 सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी, जसवंतनगर ने बताया है कि योग शिविर में योगाचार्य मनीष यादव तथा रंजीत सिंह चौहान ने योग क्रियाएं तथा विभिन्न आसन छात्र छात्राओं को कराए। उनकी स्वास्थ्य संबं.ी उपयोगिता भी बतायी। इस अवसर पर प्राचार्य डा. जितेंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार, कंपोजिट विद्यालय जुगौरा धर्मवीर सिंह तथा महाविद्यालय के जतिन कुमार सुशील यादव, प्रदीप कुमार, डा. मो. मोहसिन, आशुतोष ...य, ...ज आलम वारसी, अवनीश कुमार, विकास राजपूत, डा. ...श यादव, शिव शंकर यादव, रवि यादव, गौरव यादव, हिमांशी ... अन्य स्टाफ तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। ... तक चली योग क्रियाओं में 180 छात्र–छात्राओं तथा ... अन्य लोगों ने भाग लिया।



चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी के प्रबंध निदेशक अनुज यादव मोंटी दीप प्रज्वलन कर शिविर आरंभ करते तथा

### चौधरी सुघर सिंह एकेडमी में एनएसएस का ७ दिवसीय शिविर शुरू

जसवंतनगर (इटावा) 23 मार्च। चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ चौधरी सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव जी ने मॉं सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया।

छात्राओं ने सभी अतिथियों का तिलक वंदन किया व छात्रों ने सभी को प्रतीक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव ने सभी छात्र छात्राओं को बताया कि एनएसएस के द्वारा आप सभी समाज में सेवा कार्य कर सकते हैं व राष्ट्रहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। ग्रुप के निदेशक डाव संदीप पांडेय ने सभी छात्र छात्राओं को एनएसएस के लक्ष्यों व उसकी महत्ता के बारे बताया और उन्हे निर्देशित किया। कॉलेज प्राचार्य डा.जितेंद्र यादव व अशोक यादव ने एनएसएस के बारे में जानकारी दी। बच्चों को संयम और ईमानदारी से काम करने की शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने एनएसएस के सात दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा से भी अवगत कराया। एनएसएस के इतिहास व उसमें होने वाले क्रियाकलापों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। शिक्षा संकाय से नितिन आनंद ने सभी छात्र छात्राओं को एनएसएस की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार मोहम्मद मोहसिन, आशुतोष उपाध्याय, डॉ. सलमान, अटल बिहारी, रवि यादव, विकास राजपूत, रक्षा, भावना, प्रभा, नीतू आदि सभी की गरिमामयी उपस्थिति रही।





# विवेकानन्द ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर औरैया

**डॉ0 यश कुमार**
कार्यक्रम अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा गॉधी शताब्दी वर्श 1969 में महात्मां गॉधी एवं स्वामी विवेकानन्द के विचारों से प्रेरित हो कर प्रारम्भ किया गया था। "मैं नही आप" संगठन का सिद्धान्त वाक्य है। जो यह घोशित करता है कि व्यक्ति का कल्याण सम्पूर्ण समाज के कल्याण पर निर्भर है। इसका उद्देश्य यु पीढी को समाज से जोड़कर समाज की समस्याओं से परिचित कराना है ताकि व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास किया जा सके। इसमें समाजिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विधार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के लिए कार्य करते है।

नए सत्र की शुरुआत दिनांक 07/05/2022 को महिला पोषण जागरूकता संगोष्ठी से हुई। संगोष्ठी में महिला पोषण के संबंध में विभिन्न वक्ताओं ने अपने व्याख्यान द्वारा महाविद्यालय की बालिकाओं को जागरुक कर पोषण के महत्व को बताया। दिनांक 21 जून 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस महाविद्यालय में बड़े धूमधाम से मनाया गया। दिनांक 8 जुलाई 2022 को महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में दिनांक 11 से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया इसके तहत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ग्राम उमरी, जमुहां और असैनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा घर–घर जाकर ग्रामीणों में झंडा वितरण और ग्रामीण जागरूकता पर रैली निकाली गई। दिनांक 02 अक्टूबर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दिन संगोष्ठी के माध्यम से दोनों महापुरुषों के जीवन चरित्र एवं शिक्षा पर व्यापक प्रकाश डाला गया।

दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर महाविद्यालय में संगोष्ठी और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भाँति ही दिनांक 12 जनवरी 2023 को महाविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया।

विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर औरैया की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट का साथ दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम 16 मार्च 2023 से 22 मार्च 2023 तक आयोजित किया गया। यह विशेष शिविर महाविद्यालय से 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम उमरी में लगाया गया। विशेष शिविर के कार्यक्रमों को दो भागों में बांटा गया प्रथम सत्र को एक्टिविटी के रूप में तथा द्वितीय सत्र में एक गोष्ठी आयोजित करना निर्धारित किया गया। उद्घाटन सत्र का मुख्य विषय "ग्रामीण समस्याओं पर परिचर्चा" था।






# के. के. कॉलेज, इटावा

**डॉ0 मुरली कुमार**
कार्यक्रम अधिकारी

के. के. कॉलेज इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सत्र 2022–2023 के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा की गई। इस सत्र में सप्त दिवसीय विशेष शिविर स्थल– पंचायत–भवन सराय एसर में दिनांक : 25/ 03/2023 से 31/03/23 तक आयोजित की गई जिसमे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है – राष्ट्रीय सेवा योजना थीम सतत् विकास एवं जी 20 के अंतर्गत सप्तदिवसीय कार्यक्रमों की आयोजन सत्र की शुरुआत दिनांक 25/ 03/2023 को पर्यावरण संरक्षण पर विशेष चर्चा के माध्यम से की गई जिसमे भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुचित्रा वर्मा जी ने विभिन्न बेकार पदार्थों का पुनः उपयोग, प्रबंधन, विभिन्न उपचारात्मक विधियों पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उदयवीर सिंह जी ने एनएसएस के विभिन्न आयामों पर चर्चा की, साथ ही प्रोफेसर रमाशंकर यादव जी ने स्वयंसेवकों को कैसे समाज के साथ अंतर संबंध बनाना है,पर प्रकाश डाला।

प्रोफेसर पद्मा त्रिपाठी ने एनएसएस के महत्त्व और उनकी प्रासंगिकता बताई, इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक की मदद से प्राचार्य प्रोफेसर महेन्द्र सिंह और प्रधानजी द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित की गई।

साइबर सुरक्षा एवं पुलिस पाठशाला के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार वर्मा द्वारा विस्तार से महिला सुरक्षा पर चर्चा की गई जिसमें पुलिस के द्वारा विभिन्न नंबरों पर जैसे कि साइबर क्राइम हेल्प नंबर 1930, राष्ट्रीय महिला हेल्प नंबर 181, पुलिस हेल्प नंबर 112 आदि पर सूचना दी जा सकती है।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के अंतर्गत आरटीओ इटावा श्री बृजेश यादव जी ने स्वयंसेवकों को बताया कि जागरूकता ही सड़क सुरक्षा का आधार है, हमें थोड़ी दूर भी जाना हो तो भी मोटर साइकिल वाहन चालकों को हेलमेट जरूर लगानी चाहिए।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि सामाजिक कल्याण पदाधिकारी श्रीमती ललिता यादव जी ने सभी स्वयंसेवकों को इस मंच के द्वारा पढ़ाई के अतिरिक्त सामूहिक गतिविधियों में भाग लेकर सामाजिक कार्यों से परिचित होने को श्रेष्ठ मार्ग बताया इसके अतिरिक्त उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के द्वारा सिविल सर्विस तथा नीट परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क चलने वाली कोचिंग जो आईटीआई इटावा में चलता है उसमें इच्छुक विद्यार्थी को भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया अंत में सप्त दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागी स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र वितरित की गई। स्वयंसेवकों ने इस सप्तदिवसीय कार्यक्रम से क्या सीखें इसका फीडबैक भी दिए। 05 जून 2023 को पर्यावरण दिवस के अंतर्गत सराय एसर गांव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई साथ ही कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया इस संदर्भ में स्वयंसेवकों द्वारा स्वयं अपने विचार रखे। 21 जून को योग दिवस के अंतर्गत सराय एसर तथा कन्धानी गांव में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे दोनों गांव के लोग बढ़–चढ़ कर भाग लिए। इसके अतिरिक्त दिनांक 14 अगस्त 2023 को **मेरी माटी मेरा देश** और **हर घर तिरंगे** कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें वृक्षारोपण, सांस्कृतिक महोत्सव, पेंटिंग तथा क्विज प्रोग्राम का भी आयोजन हुआ जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।






# ब्रह्मानंद कालेज, कानपुर

डॉ0 चन्द्र सौरभ
कार्यक्रम अधिकारी

ब्रह्मानंद कॉलेज, कानपुर की रा. से. यो. इकाई एक सक्रिय इकाई है जिसमे विविध प्रकार की गतिविधियां जैसे साफ–सफाई, पौधरोपण, जागरूकता के कार्य, बस्ती गोद तथा पर्यावरण स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रम आज संचालित करता है । सत्र 2021 में कानपुर में फाई साहब का हाता बस्ती को गोद लिया गया, जिसमे शिक्षा जागरूकता के तहत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चो के अभिवाहकों को स्कूल चले अभियान से जागरूक किया गया । ब्रह्मानंद कॉलेज की गणेश शंकर विधार्थी इकाई की रा. से. यो. द्वारा सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय सेवा एवं समुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवको के सर्वांगीण विकास का कार्य करता हैं ।

19 अप्रैल 2022 को सेवा संकल्प समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। 22 अप्रैल 2022 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया।14 मई 2022 को विश्व योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास कार्यक्रम का महाविद्यालय में आयोजन किया गया। 3 जून 2022 को पर्यावरण जागरूकता हेतु साइकिल रैली का आयोजन महाविद्यालय से मान रोड चौराहे तक किया गया इसके माध्यम से जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। 5 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इकाई के स्वयंसेवकों ने कानपुर ब्लॉगर संस्था व नगर निगम के साथ मिलकर गंगा तट पर स्वच्छता अभियान को चलाया। 20 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व योगाभ्यास इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया किया। 21 जून 2022 को विश्व योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस तथा एनसीसी के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।

4 जुलाई 2022 को वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय की बगीचे में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित थे। 26 जुलाई 2022 को प्रोजेक्ट प्रकाश पर विश्वविद्यालय के समन्वयक द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार स्वयंसेवकों के साथ चर्चा की गई। 1 से 10 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा का प्रचार व प्रसार स्वयंसेवकों द्वारा बढ़चढ़ कर किया गया।

3 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 10 अगस्त 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा सभी महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेवकों को टी–शर्ट व कैप प्रदान किया गया साथ ही साथ तिरंगा का वितरण भी किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की गवर्नर श्रीमती आनंदीबेन पटेल के द्वारा संपन्न हुआ साथ ही साथ इस अवसर पर प्रोजेक्ट प्रकाश का भी शुभारंभ किया गया। 11 से 17 अगस्त 2022 के अंतर्गत महाविद्यालय में आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, शहीद सम्मान दिवस तथा विभाजन विभीषिका पर डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया।

2 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी व स्वयंसेवकों द्वारा और दोनों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया तथा नशे को ना जिंदगी को हा की शपथ ग्रहण की गई। 5 से 16 अक्टूबर 2022 तक स्वयंसेवकों को प्री आर डी के लिए नियमित प्रैक्टिस हर्ष पांडे के मार्गदर्शन में कराई गई। 17 अक्टूबर 2022 को विश्वविद्यालय में पीआरडी चयन हेतु महाविद्यालय से 10 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। 19 अक्टूबर 2022 को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवकों नी परमट घाट पर बृहद स्वच्छता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर डीएवी कॉलेज के साथ संयुक्त रूप से स्वच्छता में प्रतिभाग किया प्रथम वहां की पार्षद द्वारा महाविद्यालय को इस कार्य हेतु प्रमाण पत्र भी दिया गया एकत्रित किए गए कचरे को कानपुर नगर निगम को सौंपा गया 31 अक्टूबर 2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की के जन्म दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय श्रीमान रोड चौराहे तक संपन्न किया गया इस कार्यक्रम को एकता दिवस के रूप में मनाया गया।

3 नवंबर 2022 को मानव श्रृंखला बनाकर गीता के संदेश को पहुंचाने के कार्यक्रम का आयोजन माल रोड चौराहे से पंडित ढाबा तक किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। 12 से 21 नवम्बर 2022 को प्री आर डी में चयनित स्वयंसेविका उदिता रावत ने प्रतिभाग किया तथा सफलता पूर्वक संपन्न किया। 19 नवंबर 2022 को यातायात के नियमो के पालन हेतु जनमानस को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। 20 नवंबर 2022 को सड़क जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता आंधी का आयोजन किया गया। 26 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 17 दिसंबर 2022 को डी ए वी कॉलेज में आयोजित विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में महाविद्यालय के 40 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। 24 जनवरी 2023 को मतदान दिवस के अवसर पर पर महाविद्यालय में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को अपने मत के अधिकार हेतु शपथ ग्रहण कराई गई तत्पश्चात निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

4 फरवरी 2023 को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता हेतु रैली का आयोजन महाविद्यालय से माल रोड चौराहे तक किया गया इस अवसर पर बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि जैसे विभिन्न नारों का उद्घोष किया गया। 23 मार्च से 29 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन एल पी इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुआ।

21 जून 2023 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नामित योग शिक्षिका व महाविद्यालय की योगाचार्य प्रोफेसर एसएस भदौरिया ने स्वयं सेवकों, अन्य विद्यार्थियों तथा शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को योग कराया तथा योग से होने वाले फायदे से अवगत कराया।



# अर्मापुर पी.जी. कालेज, कानपुर

डॉ0 विजय मिश्रा
कार्यक्रम अधिकारी

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ




















हिन्दी दैनिक सच की गंगा | कानपुर, शुक्रवार, 04 नवम्बर, 2022 | कानपुर शहर

मानव श्रृंखला का नेतृत्व आर्मापुर पी जी कॉलेज के तत्वाधान में गीता संदेश मानव श्रृंखला 1500 संख्या बनाकर सम्पन्न कराई गयी

सनातन के वेद पुराण पुस्तक दर्शन कराने वाला ग्रंथ :

# भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

**डॉ0 आलोक बिहारी लाल**
कार्यक्रम अधिकारी











# डी. एन. कालेज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 अजहर जुनैद आलम
कार्यक्रम अधिकारी

## सामाजिक जीवन में भी योगदान करें विद्यार्थी



डीएन डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में मौजूद प्राचार्य। संवाद

### दुर्गा नारायण पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर

फर्रुखाबाद। दुर्गा नारायण पीजी कॉलेज फतेहगढ़ में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य शालिनी सिंह व प्राचार्य डा. मनोज गर्ग आदि ने किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक जीवन में बदलाव के प्रति अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

डा. विनोद कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. मुकेश सिंह राठौर ने एनएसएस कैंप के नियम व अनुशासन बताए। डा. विनीता वर्मा ने स्वयं सेवकों को एनएसएस बैच की महत्ता के बारे में समझाया। (संवाद)

## विद्यार्थी सामाजिक जीवन में बदलाव ला सकते हैं: डॉ0 शालिनी




कार्यक्रम के शुभारंभ पर मौजूद अतिथिगण

▸ प्रथम दिन शैक्षिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के परिचय व उनके उद्देश्य पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण पीजी महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ काशीराम राजकीय महाविद्यालय मिनौआ की प्राचार्या डॉ0 शालिनी सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन के साथ शुरु हुआ। मुख्य अतिथि का प्राध्यापकों ने बैच लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रथम दिन शैक्षिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का परिचय व उनके उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा हुई। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विनोद कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष मुकेश सिंह राठौर ने एनएसएस के कैंप के नियम अनुशासन पर बताया। मुख्य अतिथि डॉ0 शालिनी सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक जीवन में बदलाव के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने ग्रमीण सर्वेक्षण को गम्भीरता से पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रो0 डॉ0 अजहर जुनैद आलम ने विस्तार से वर्णन किया और विभिन्न गतिविधियों के प्रति स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने स्वयं सेवकों का शिविर के माध्यम से अपने जीवन में नेतृत्व, एकता व सहयोग की भावना सृजित कर समाज को नई दिशा देने का काम किया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीयसेवा योजना की उपयोगिता पर गोष्ठी व क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की। राष्ट्रीयगान के साथ समापन हुआ। संचालन डॉ0 विनोद तिवारी ने किया। इस मौके पर डॉ0 हरिशिवनाथ गुप्ता, डॉ0 सतेंद्र मिश्रा, डॉ0 राम नरेश सिंह, डॉ0 पंचम कुमार, डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ0 मोहम्मद अमीन, विनय कुमार बाथम के हा स्वयं सेवक व छात्र-छात्रायें मौजूद रहें।


















# पी.पी.एन. कालेज, कानपुर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

**डॉ0 कृष्ण कुमार**
कार्यक्रम अधिकारी












दिव्यांग होने पर ईएसआई ने 4,48,553 रुपये का भुगतान कर दिया है।

**पीपीएन कॉलेज में किया गया पौधरोपण**

कानपुर। पीपीएन कॉलेज में एनएसएस की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह परिसर में अशोक का पौधा लगाया। इस मौके पर डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. टीबी सिंह, डॉ. रामनरेश रहे।

**रक्तदान का बताया महत्व**

कानपुर। आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से पीपीएन (पीजी) कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय शंकर दीक्षित ने एनएसएस वॉलंटियर्स को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एके सिंह ने भी विचार रखे।



**पीपीएन व महिला कालेज में हुआ पौधरोपण**



कानपुर, 14 अगस्त 2022 5

महानगर सार

**पीपीएन कालेज के छात्रों ने निकाली रैली**



रैली निकालते कालेज के छात्र व शिक्षक।

कानपुर। पीपीएन कालेज की एनएसएस यूनिट की ओर से आज प्रभात रैली निकाली गई। कालेज प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कालेज से निकल कर मर्चेंट चैम्बर रोड, ... होते हुए ... कालेज वापस हुई। रैली में छात्रों ने अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराना व इंकलाब जिंदाबाद के नारे गूंजे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डा. कृष्ण कुमार, नोडल अधिकारी डा. अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**पीपीएन कॉलेज में अशोक का पौधा रोपा**



कानपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आज पीपीएन कॉलेज में पौधरोपण किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह ने अशोक का पौधा कॉलेज प्रांगण में लगाया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण की सुरक्षित रखा की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्णा कुमार ने बताया कि हमे पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और उन्हें पूरी तरह से हल करने की कोशिश करें। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. टीबी सिंह, डॉ. राम नरेश पटेल, डॉ. अल्का रानी आदि रहीं।

**पांच दिवसीय ताइक्वांडो परीक्षण शिविर**



आज का कानपुर

कानपुर। पीपीएन पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत पांच दिवसीय ताइक्वांडो परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रो अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में शुरू किया गया। शिविर में एनएसएस की 60 गर्ल्स वॉलंटियर और कॉलेज की अन्य छात्राएं ताइक्वांडो का निशुल्क परीक्षण प्राप्त कर रही हैं। शिविर में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार पीपीएन कॉलेज के मुख्य अनुशासक डॉ धनंजय सिंह एनएसएस यूनिट के कप्तान वीर भद्र राय और अभिनव द्विवेदी उपस्थित थे।

# ब्रह्मावर्त डिग्री कालेज, मन्धना, कानपुर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 चन्द्र किशोर शास्त्री
कार्यक्रम अधिकारी





















# क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 सुनीता वर्मा
कार्यक्रम अधिकारी
















# कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय, कानपुर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 आँचल तिवारी
कार्यक्रम अधिकारी





















# डा. वीरेन्द्र स्वरूप इन्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कानपुर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 सीमा मिश्रा
कार्यक्रम अधिकारी



### डा. वीरेन्द्र स्वरुप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कानपुर (नगर छाया समाचार)। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में डा. वीरेन्द्र स्वरुप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को हिन्दी दिवस के महत्व को अवगत कराया तथा सभी छात्राओं को हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम कवि दरबार शीर्षक पर छात्राध्यापिकाओं ने प्रस्तुति दी। इसमें हिना लखवानी, सोनम गुप्ता, स्नेहा सिंह, जान्हवी, सुप्रिया दुबे, शिवांगी त्रिपाठी आदि ने भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में पूजा गुप्ता, शालिनी साहू, आस्था बाजपेयी, सिमरन सिंह, शिवानी पटेल आदि छात्राध्यापिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कविता पाठ का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राध्यापिका स्नेहलता मौर्या, अफरीन, सोनाली सिंह, अंशू आदि ने स्वरचित कविता का पाठ कर वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम का संचालन सोनम गुप्ता तथा श्रुति के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डा. अरुणा बाजपेयी, डा. अनीता शर्मा, पूनम गुप्ता, डा. आशा अवस्थी, डा. सीमा मिश्रा, आशीष कुमार, डा. संदीप त्रिपाठी, अनिरुद्ध चंदेल, सरला मन्ध्यान, शिप्रा मिश्रा, उषा मिश्रा, नेहा शुक्ला, ज्योति सेंगर, प्रेरणा अरोड़ा, जसनीत कौर, नाजिश खान, प्रतिमा तिवारी मौजूद रहे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राओं के सहयोग से कार्यक्रम पूर्ण किया गया। जिसका उद्देश्य हिन्दी भाषा को छात्राओं के बीच लोकप्रिय बनाना था।













# अकबरपुर डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 राम मनोहर मिश्रा
कार्यक्रम अधिकारी
















### युवा संसद प्रतियोगिता में श्रेया ने प्रथम व प्रज्ञा ने पाया दूसरा स्थान



अकबरपुर महाविद्यालय की छात्रा श्रेया दीक्षित व प्रज्ञा गौतम, छाया:आज।,छाया:आज

कानपुर देहात, 28 जनवरी। जनपद स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में अकबरपुर महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका श्रेया को प्रथम और प्रज्ञा को द्वितीय स्थान मिला। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र में जनपद स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 10 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। 5 प्रतिभागी नेहरू युवा केंद्र के थे और 5 अकबरपुर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के थे। प्रतियोगिता के लिए खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा 3 विषय स्वास्थ्य उन्नयन एवं खेल एजेंडा फॉर यूथ, कौशल विकास युवाओं के विकास की कुंजी तथा सोशल मीडिया और युवा दिए गए थे। प्रतिभागियों ने अपनी रुचि और समझ के अनुसार एक विषय चयन कर सारगर्भित तरीके से अपनी बात रखी। प्रतियोगिता में अकबरपुर महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका कुमारी श्रेया दीक्षित और कुमारी प्रज्ञा गौतम ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह दोनों ही स्वयं सेविका फरवरी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कानपुर देहात जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्राओं की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 ए0सी0 पांडेय, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा0 मनोहर मिश्रा और जिला युवा अधिकारी प्रिया तिवारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम का संयोजन नेहरू युवा केंद्र के द्वारा किया गया।



एनएसएस के स्वयं सेवकों ने साफ किया प्लास्टिक कचरा

लोगों से पन्नी का प्रयोग नहीं करने की अपील की

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर देहात। अकबरपुर डिग्री कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सीएचसी अकबरपुर, जिला अस्पताल और तहसील परिसर में प्लास्टिक कचरा साफ किया। लोगों से सिंगल यूज पन्नी का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई।

एनएसएस के अटल इकाई के स्वयं सेवकों की ओर से यह पहल की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर से लेकर जिला चिकित्सालय तक सड़क के किनारे सफाई की गई। यहां बिखरा प्लास्टिक कचरा उठाकर कूड़ेदान में डाला।

अभियान में 40 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। करीब 70 किलो अनुपयोगी प्लास्टिक का संकलन किया गया। स्वयंसेवकों ने आसपास के दुकानदारों को प्रयोग की गई पॉलिथीन को सुरक्षित स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया।

तहसील में वकीलों के चैंबर के आसपास भी गंदगी दिखी। स्वयं सेवकों ने अधिवक्ताओं से डस्टबिन रखने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्राचार्य डॉ. अंजु शुक्ला, डॉ. रामकृष्ण चतुर्वेदी व सभासद सनत शुक्ला ने किया।

कचरा साफ करते एनएसएस के स्वयंसेवक। संवाद



# अविका डिग्री कॉलेज, कन्नौज

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 पल्लवी यादव
कार्यक्रम अधिकारी

## सड़क दुर्घटनाओं से बचने की दी जानकारी, सड़क सुरक्षा का पढ़ाया पाठ



**जलालाबाद/कन्नौज (धारा न्यूज)।** यातायात सड़क सुरक्षा को लेकर जगह-जगह लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। जनपद के रघुराजनगर चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे उपस्थित अंशिका पाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हमारा दायित्व है। यातायात के नियमों का पालन करें। सुरक्षित रहें सुरक्षित चलें। वाहन को तेज गति मे न चलाएं।वाहन को ओवरटेक करते समय सावधानी बरतने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रैली निकालते हुए दोपहिया व चार पहिया वाहनों को रोककर सड़क सुरक्षा के नियम को बताकर हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने लोगों जागरूक कर कहा वर्ल्ड बैंक के अनुसार प्रति 4 मिनट मे एक भारतीय की मृत्यु सड़क दुर्घटना से होती है। हम सब मिलकर सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना का बचाव करे। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जलेसर गंगा घाट पर हुआ भव्य आरती का आयोजन

- डीएम ने स्थानीय लोगों के साथ पूजा-अर्चना कर, की गंगा मईया की आरती

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**सोमवार** को देर शाम जिलाधिकारी जलेसर गंगा घाट पहुंचे। जहां जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने पतित पावनी मां गंगा के तट पर पूजा-अर्चना के साथ विधि-विधान से मां गंगा की आरती की। जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, डीपीआरओ जितेंद्र मिश्र, ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी, खंड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी के द्वारा जलेसर घाट तट पर देर शाम आयोजित हुई गंगा आरती में प्रतिभाग किया। गंगा आरती का वृहद रूप से आयोजन किया गया। जहां समीप रहने वाले व्यक्तियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। जिस हेतु गंगा तट पर पुष्प आदि से सुसज्जित करते हुए भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा जलेशर घाट को और अधिक भव्य बनाएंगे। इसी तरह प्रत्येक सोमवार को जलेसर घाट पर आरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख संरक्षक राजाराम दोहरे,भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत पांडे,मंगलम पांडेय,एडीओ आईएसबी राजीव दीक्षित,गीता पाठक,प्रधान प्रतिनिधि अविनाश दोहरे समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।





गंगा तट पर पूजा अर्चना करते डीएम व मौजूद क्षेत्रीय लोग

















# चुन्नीदेवी राजनारायन मेमोरियल महाविद्यालय, फर्रुखाबाद

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ






















### सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

यूथ इण्डिया संवाददाता

शमसाबाद/फर्रुखाबाद। चुन्नी देवी राज नारायण मेमोरियल महाविद्यालय शमसाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम रहानपुर में किया जा रहा है।

विशेष शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने भाग लिया साथ ही प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में माता सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ तथा द्वितीय सत्र में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया। जिसमें स्वयंसेवक-अनामिका आफरीन फातिमा निशा यास्मीन जोहा नेहा अनुष्का सूफिया फातिमा एलिमा रजा फरीना ईशानी सन्ध्या यादव काजल शोभा उमा कीर्ति खुशबू आर्यन गौरी यादव शिल्पी तेजस्विनी शोभा दीक्षी आदि स्वयंसेवक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी और महाविद्यालय के आचार्य गणेश कुमार पवन गंगवार आलोक कुमार एवं दीपिका गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।



# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

**डॉ0 अभिषेक बाजपेई**
कार्यक्रम अधिकारी





















# महिला महाविद्यालय, किदवई नगर, कानपुर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 सबा युनूस
कार्यक्रम अधिकारी

## रोड सेफ्टी क्लब का गठन




**कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें।**

कानपुर,24 जुलाई। महिला महाविद्यालय किदवई नगर में राष्टीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविकाओं द्वारा रोड़ सेफ्टी कलब का गठन किया गया व सप्ताह भर सड़क सुरक्षा पर होने वाले कार्यक्रमों की रुप रेखा बनायी गयी। सड़क सुरक्षा पर प्राचार्या डॉ अंजू चौधरी ने छात्राओं को शपथ दिलायी। इस दौरान डॉ सबा यूनुस,डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ ममता दीक्षित, डॉ अंजू श्रीवास्तव,डॉ नूर अंसारी आदि थे।



**PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR**

The members of the Environment Committee and the NSS unit of Mahila Mahavidyalaya, Kidwai Nagar, organised a grand tree plantation drive on Tuesday. They planted saplings of guava, pipal, jamun, neem etc. Volunteers took responsibility of taking care of plants. NSS Programme Officer Dr Saba Yunus, incharge of the Environment Committee Dr Akanksha Shukla, Dr Rashmi, Dr Noor and Dr Namrita Tewari mainly coordinated the event.

**CHAMPIONSHIP:** The Cosco-JMD Kanpur District Inter-school and Open U-9 and U-11 Badminton Championship will be held at the JMD World School, Mainawati Marg, on July 28 and 29. The matches for school team championship and U-9, U-11 singles (boys and girls) will be played. For the team championship, maximum four and minimum two students of class VI to XII are eligible to take part. The event aimed at inculcating sportsman spirit and skill development. In U-11 and U-9 categories, students of any school born after January 1, 2013, and January 1, 2015, respectively can take part. They can contact RD Pal

## स्कूटी रैली निकाल यातायात जागरुकता का दिया संदेश



**स्कूटी रैली निकालतीं महिला महाविद्यालय की छात्राएं।**

कानपुर । सड़क सुरक्षा जागरुकता माह के अंतर्गत महिला महाविद्यालय किदवई नगर में एनएसएस यूनिट द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा उत्कृष्ट चित्रण के माध्यम से सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की गयी। प्राचार्या डॉ अंजू चौधरी द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ को शपथ ग्रहण कराया गया। वहीं गाड़ी चलाने के फायदे बताने के लिए एक स्कूटी रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ अंजू चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस अवसर पर डॉ सबा यूनुस,डॉ अंजू श्रीवास्तव,डॉ दीपाली निगम आदि थे।

## महाविद्यालय में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**जीतेगा इंडिया संवाददाता, कानपुर।** महिला महाविद्यालय किदवई नगर कानपुर की एनएसएस यूनिट द्वारा एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर वि रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं ने बीपी, शूगर, सीबीसी आदि की जाँच मुफ्त व चिकित्सकों द्वारा मुफ़्त परामर्श प्राप्त किया।

प्राचार्य प्रो. डा. अंजु चौधरी ने कार्यक्रम का उदघाटन किया व डा आकांक्षा तिवारी ने पहला रक्त दान किया। कार्यक्रम में 100 छात्राओ में स्वास्थ्य परीक्षण कराया व समस्त स्टाफ ने भी चिकित्सक परामर्श का लाभ उठाया। कार्यक्रम का सफल



आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा सबा यूनुस के निर्देशन में हुआ। एनएसएस के कार्यकर्ताओं ने कैम्प में बढ़ चढ़कर भागीदारी की।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को निकली रैली

(आज समाचार सेवा)

कानपुर,27 जुलाई। महिला महाविद्यालय किदवई नगर में रोड़ सेफ्टी कलब द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरुकता हेतु विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ डॉ कल्पना श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में स्वयंसेविकाओं द्वारा राहगीरों को सड़क पर चलने,यातायात के नियमों तथा गाड़ी चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने आदि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरुक किया गया। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ अंजू श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता करायी। जिसमें छात्राओं ने भागीदारी की व



**हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करती मुख्य अतिथि।**

निर्णायक की भूमिका डॉ ममता दीक्षित व डॉ सबा यूनुस ने निभाई। इस अवसर पर डॉ संगीता सितानी, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, डॉ मनीषा शुक्ला, डॉ नूर अंसारी,डॉ सदफ, डॉ पारुल आदि थीं।

# डी.बी.एस. कालेज, कानपुर नगर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

**डॉ० गौरव सिंह**
कार्यक्रम अधिकारी

















# जनता कालेज, बकेवर, इटावा

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 मनोज यादव
कार्यक्रम अधिकारी










## योग, खेती और जल संरक्षण की दी सीख



बकेवर क्षेत्र के गांव में भ्रमण करते स्वयंसेवक। संवाद

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों को चार सत्रों में योग, खेती, जल संरक्षण व पर्यावरण की जानकारी दी गई।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के साथ स्वयंसेवकों ने गांव नगला बनी में फसल प्रारूप, पलायन क्यों हो रहा है, शिक्षा, व्यवसाय, गांव के ऐतिहासिक विवरण के बारे में जाना। उन्हें बताया गया कि युवा भी किसानी में रुचि ले रहे हैं। उन्हें पलायन नहीं करना पड़ रहा है।

दूसरे सत्र में जल संरक्षण पर संगोष्ठी हुई। इसमें डॉ. पीके राजपूत ने वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में बताया। स्वयंसेवकों को मृदा प्रबंधन, संरक्षण और सिंचाई की विधियों की जानकारी दी। तीसरे सत्र में पर्यावरण संरक्षण विषय पर रसायन विभाग के प्राध्यापक डॉ. नवीन अवस्थी ने जानकारी दी।

बताया कि ग्रीन हाउस प्रभाव से पृथ्वी का तापमान बढ़ता चला जा रहा है। हानिकारक गैसों के उत्सर्जन पर रोक लगानी होगी।

चौथा सत्र मोटीवेशन पर हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व डीआईजी हरीश कुमार ने नेपोलियन और झांसी की रानी के जीवन का उदाहरण दिया। बताया कि आत्मविश्वास है तो कोई ऐसा काम नहीं है, जिसमें आप सफल न हों। योग शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने योग कराया। संरक्षक व प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया।

## मतदाता जागरूकता रैली में छात्रों ने लिया बढ़चढ़ कर भाग

भास्कर ब्यूरो



बकेवर/इटावा। जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में किया गया। जन जागरूकता रैली का शुभारंभ कालेज के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ ए.के .पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्रों के अपने उद्बोधन में मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत लोकतांत्रिक अधिकार के प्रयोग के लिए कस्बे के जन में अपनी बात रखते हुए कहा कि आप लोग 100 प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लें। छात्रों के उद्बोधन में ह्यमैं मतदान करूंगा, ह्यपहले मतदान -फिर कोई काम, ह्यमतदान करना जरूरी है यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है, लोकतंत्र का भाग्य विधाता- होता है जागरूक मतदाता, लोकतंत्र का यह आधार वोट ना हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, आदि से जागरूक किया। रैली का शुभारंभ कॉलेज के गेट नंबर 2 से शुरू होकर बकेवर कस्बे में जागरूक करते हुए कॉलेज के थाना गेट पर इस रैली का समापन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव एवं लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर डॉ एम पी यादव ,डॉ डी एन सिंह, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ डी.जे. मिश्रा, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ धर्मेंद्र कुमार, रतना शुक्ला, मीनू त्रिपाठी, श्री गजेंद्र सिंह, तथा स्वयंसेवक सुभाष, अनूप, संदीप, अमन यादव, योगेश राठौर, आरती, भारती, श्रेयस पाठक, सुरजीत कुशवाहा, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

## जनता कालेज में पोषण जागरूकता गोष्ठी आयोजित

लखना,बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में 'पोषण जागरूकता माह' कार्यक्रम श्रृंखला में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वाधान में ऋपोषण जागरूकताऋ पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ ललित गुप्ता ने पोषण व संतुलित आहार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भोजन के तीन मुख्य घटक कार्बोहाइड्रेट,वसा तथा प्रोटीन व सूक्ष्म तत्व जैसे विटामिंस, जल व खनिज लवण सब को मिलाकर ही एक संतुलित आहार होता है। उन्होंने कहा की प्रोटीन 1 ग्राम प्रति एक किलोग्राम शरीर भार तथा कठिन कार्य करने वालों के लिए 1.5 ग्राम प्रति किलोग्राम शरीर भार पर लेना चाहिए ।उन्होंने यह भी बताया की फ्ल और सब्जी जिनसे विटामिंस एवं खनिज लवण मिलते हैं का अधिक सेवन करना चाहिए। कालेज के प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी जी ने संतुलित आहार के अपनाने पर विशेष बल दिया। कृषि संकाय के डीन डॉ ए.के. पांडेय ने पोषण जागरूकता पर अपने विचार रखते हुए कहां कि पानी का उपयोग कम से कम 8 से 10 गिलास प्रतिदिन करना चाहिए। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अतुलनीय कार्य करने वाले पांच



स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें शिवम यादव, रजत दुबे, श्रेयश पाठक, अनूप कुमार व संदीप कुमार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ मनोज यादव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक व मृदा संरक्षण के विभागाध्यक्ष डॉ पीके राजपूत, पशुपालन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आदित्य कुमार तथा डी जे मिश्रा व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 रीतू सिंह
कार्यक्रम अधिकारी

### प्लास्टिक का उपयोग न कर वातावरण को शुद्ध रखने की शपथ



**यूथ इण्डिया संवाददाता**

**कन्नौज।** आज राजकीय महिला महाविद्यालय बागर की सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

महाविद्यालय में सभी स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण से शुरुआत करते हुए काशीराम कॉलोनी तक प्लाग रन के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया एवं बस्तीवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के निर्देश दिए गए एवं बस्ती में भी सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में वापस आकर उसका निस्तारण किया गया।

सभी छात्राओं को फलाहार देने के बाद आगे भी इसी प्रकार से सिंगलयूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर क्राइम से बचने के लिए बनें जागरूक और रहें सावधान

#### साइबर जागरुकता दिवस पर कॉलेजों में दी गई जानकारी



राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को मिली जानकारी। संवाद



राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कन्नौज।** हर महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरुकता दिवस मनाया जाता है। उसी के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में छात्राओं को बताया गया कि साइबर क्राइम से बचाने के लिए जागरूक बनने और सावधान रहने की जरूरत है। पीड़ित ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराने के अलावा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी समस्या बता सकते हैं।

बुधवार को महिला महाविद्यालय में मुख्य वक्ता व गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष अम्बरीन फातिमा ने बताया कि साइबर क्राइम से वर्ष 2025 तक वार्षिक वैश्विक हानि लगभग 10.5 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी। डिजिटल युग में जानकारी व परामर्श की आवश्यकता है। सरकार ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल cyber-crime.gov.in भी बनाया है, जिसमें साइबर रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती है। हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके भी शिकायत की जा सकती है।

प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह सचान ने बताया कि हैकर्स केवाईसी करवाने के लिए ओटीपी पूछते हैं, जबकि बैंक कभी भी यह जानकारियां ऑनलाइन नहीं मांगता है। कभी लकी ड्रॉ में कोई बड़ा इनाम का लालच दिया जाता है। इस मौके पर एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रीतू सिंह, डॉ.सोनूपुरी, सुमन शुक्ला, पीपी यादव, सुनील कुमार, शैलेंद्र कुमार, विवेक तिवारी, नूपुर व अजीत आदि मौजूद रहे।

#### डीएसपी ने छात्रों को किया जागरूक



जानकारी देतीं डीएसपी डॉ. प्रियंका।

**तिर्वा।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में क्राइम ब्रांच के तत्वाधान में 'साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में अवगत कराते हुए उनसे बचने के उपाय बताए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची डीएसपी क्राइम ब्रांच डॉ. प्रियंका बाजपेई ने बताया कि आज कल लोग साइबर क्राइम के अधिक शिकार हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों को साइबर जुर्म के अनदेखे पहलुओं के बारे में बताया साथ ही बचाव के बारे में बताया। इस दौरान कॉलेज के डॉ. रवीश राजपूत, सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शिल्पी यादव, मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना, कमलेश भारती, नवीन तिवारी, विजय तिवारी, अभिषेक बाजपेई, अरस्तू गौतम व अन्य उपस्थित रहे। (संवाद)

### महाविद्यालय में छात्राओं ने किया पौधारोपण

**जागरण संवाददाता, कन्नौज :** राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं ने पौधरोपण किया। इसके बाद शिक्षकों ने छात्राओं को जानकारी दी। शुक्रवार को मोहल्ला घाघ नगर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं व शिक्षकों ने पौधरोपण किया। प्राचार्य डा. शक्ति सिंह सचान ने बताया कि भारत की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव 12 मार्च 2021 से प्रारंभ होकर 15 अगस्त 2023 तक भव्य समारोह के रूप में मनाया जाना है।

छात्रा शिफा बानो ने बताया कि इंटरनेट के कारण भी हमारी पृथ्वी को खतरा है। इसका इस्तेमाल भी कम से कम करना चाहिए। गौरी ने कहा कि धरती में स्वस्थ रहने के लिए इसे भी स्वस्थ रखना होगा। वैष्णवी सैनी ने बताया कि पृथ्वी हैं तो हम हैं और हमें खुद जीवित रहना है तो पृथ्वी को बचाना ही होगा। इस मौके पर डा. सोनूपुरी, क्रीड़ा प्रभारी डा. सुमन शुक्ला, प्रवक्ता पुस्तकालय पीपी यादव, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र सुनील कुमार, विभागाध्यक्ष हिंदी शैलेंद्र कुमार, विवेक तिवारी, नूपुर, अजीत समेत कई लोग रहे।

### राष्ट्र भावना से ओतप्रोत होकर फहराएं तिरंगा

#### क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक के दौरान किया आह्वान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कन्नौज।** 11 से 17 अगस्त तक मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए छात्र-छात्राओं व समाज का सहयोग लिया जाएगा। राष्ट्र भावना से ओतप्रोत होकर तिरंगा फहराया जाए। यह बात क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर मंडल डॉ. रिपुदमन सिंह ने कही।

मंगलवार को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में अन्य डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने आए थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में इस बार हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। बांगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह सचान ने कहा कि हर तिरंगा अभियान से युवा पीढ़ी के अंदर देश भक्ति और बढ़ेगी। आजादी का अमृत महोत्सव के लिए मृदुलेश सिंह को नामित प्रतिनिधि भी बनाया गया है। बैठक में महाविद्यालयों के प्राचार्य से कहा गया कि साप्ताहिक अभियान के लिए छात्र-छात्राओं के अलावा समाज को भी जागरूक किया जाए। इस मौके पर पीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी के प्राचार्य सुशील शाक्य, राजकीय महिला महाविद्यालय छिबरामऊ के प्राचार्य डॉ. पवन चौहान समेत 17 महाविद्यालय के प्राचार्यों व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।



बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. रिपुदमन सिंह। संवाद

#### 41,450 घरों की छतों पर 15 अगस्त को फहरेगा तिरंगा

**छिबरामऊ।** 15 अगस्त को हर घर और दुकान पर तिरंगा फहराने की कवायद में ग्राम सचिवों ने सर्वे पूरा कर लिया है। बीडीओ अवधेश तिवारी ने बताया कि 41,450 घर और दुकानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। तीन अगस्त से पंचायत सचिवों को तिरंगा वितरित किए जाएंगे। पंचायत सचिव 11 अगस्त से पंचायत सहायकों की मदद से घर और दुकानों पर तिरंगा पहुंचाएंगे। (संवाद)



# राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, शिवराजपुर, कानपुर नगर

## विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ

डॉ0 सौरभ पोरवाल
कार्यक्रम अधिकारी







### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

चेतना कार्यालय प्रियांशु मोनू त्रिवेदी



शिवराजपुर। रामसहाय राजकीय महाविद्यालय बैरी शिवराजपुर कानपुर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अपर्णा सिंह के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर कस्बे के बर्राजपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया है जिसमें छात्र- छात्राओं के द्वारा शिवराजपुर नगर पंचायत के बर्राजपुर में 20 मार्च 2023 से 26 मार्च 2023 तक विशेष कैंप लगाया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सौरभ पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके दिशा- निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्वयंसेवक आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सम्पर्क सूत्र

**डॉ0 ए. एस. कबीर, क्षेत्रीय निदेशक**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय,
केन्द्रीय भवन, 8वॉ तल हाल नं0 1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ
कार्यालय 0522–4079533, 2337066
ई मेल : nssrc.luup@gov.in • nssrclucknow@yahoo.com

**प्रो. (डॉ.) मंजू सिंह**
विशेषकार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ
कार्यालय नम्बर 0522–2213350
ई मेल : sloup.nss@gmail.com • snoupnss@gmail.com

**प्रो0 के0 एन0 मिश्र**
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
मोबाइल नम्बर : 9450143203

## प्रमुख वेबसाइट

राष्ट्रीय सेवा योजना– www.nss.nic.in • रा0से0यो0 (उत्तर प्रदेश)– www.upsnss.com
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर – वेबसाइट : nss.csjmu.ac.in
E-mail : nss@csjmu.ac.in

| | | |
|---|---|---|
| युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार | – | www.yas.nic.in |
| विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | – | www.ugc.ac.in |
| भारत सरकार की डायरेक्ट्री | – | www.goidirectory.nic.in |
| उ.प्र. उच्च शिक्षा आयोग | – | www.uphed.up.nic.in |

# राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत

उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें –2।

हम उठें उठेगा जग हमारे संग साथियों,
हम बढ़ें तो सब बढ़ेगें अपने आप साथियों,
जमीं पर आसमां को उतार दें–2।
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें – 2।
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,

उदासियों को दूर कर खुशी को बांटते चलें,
गांव और शहर की दूरियों को पाटते चलें,
ज्ञान को प्रचार दें, प्रसार दें, विज्ञान को प्रचार दें, प्रसार दें।
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें – 2
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें

समर्थ बाल, वृद्ध और नारियां रहें सदा,
हरें भरे वनों की शॉल ओढ़ती रहे धरा,
तरक्कियों की एक नई कतार दें–2।
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें – 2।
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,

ये जाति, धर्म, बोलियाँ बने न शूल राह की,
बढ़ाए बेल प्रेम की अखंडता की चाह की,
भावना से ए चमन निखार दें, सद्भावना से ए चमन निखार दें।
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें – 2
उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें

उठें समाज के लिए उठें, उठें,
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें, जगें,
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें –2।